मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-9, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 229 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

03 फरवरी 2024 शनिवार

आज का मौसम

26 अधिकतम

12 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## अब आडवाणी भारत रत्न, मोदी ने दी बधाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। इसकी जानकारी खुद आज पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए दी। मोदी ने लिखा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी है। हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, आडवाणी का भारत के विकास में अविस्मरणीय योगदान है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उन्होंने हमारे गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई. उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा आज जिस मुकाम पर है, वहां तक पहुंचाने में अटल और आडवाणी का नाम प्रमुखता से लिया जाता रहा है। आडवाणी की रथयात्रा भारतीय राजनीति में बहुत चर्चित रही थी। हालांकि 97 वर्ष के आडवाणी बीस्रते दस वर्ष से वे नेपथ्य में हैं।

**गडकरी ने मोदी को कहा-थैंक्यू:** आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'देश के वरिष्ठतम नेता और हमारे मार्गदर्शक आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न की घोषणा अत्यंत सुखद और आनंददाई है, आडवाणी राजनीति में शुचिता के जीवंत उदाहरण है। उन्हें 'भारत रत्न' घोषित करने के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी धन्यवाद देता हूं। ज्ञात हो कि आडवाणी तीन बार भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं।

### भाजपा का चुनाव कार्यालय तैयार, मंत्रियों को खास ट्रेनिंग, कांग्रेस में स्क्रीनिंग

# स्पेशल 29 के लिए खुली फाइलें, मप्र में भाजपा-कांग्रेस मिशन की शुरूआत साथ




मिशन 29 पर चर्चा



कांग्रेस दावेदारों पर विचार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में लोकसभा चुनाव के लिये तैयारियों की दिशा में पहला कदम आज कांग्रेस और भाजपा दोनों साथ उठा रही हैं। भाजपा की आज रणनीतिक बैठक शुरू हुई जिसमें सीएम मोहन यादव, पूर्व सीएम शिवराज भी शामिल हुए। शाम को भोपाल लोकसभा क्षेत्र के भाजपा चुनाव कार्यालय का भी उद्घाटन हो रहा है। जबकि कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की प्रमुख रजनी पाटिल व तीनो सदस्य आज भोपाल में सभी 29 सीटों के लिये दावेदारों के नाम पर चर्चा में जुटे है। पार्टी को इन सीटों के लिये करीब सौ नेताओं के दावे मिले हैं। इस बीच मप्र में भाजपा का 'चुनावी माहौल' तैयार करने पीएम नरेंद्र मोदी भी 11 फरवरी को मध्यप्रदेश दौरे पर आ सकते हैं। वे झाबुआ से लोकसभा क्षेत्र में सभी करके चुनाव का बिगुल फूंकेंगे। प्रदेश भाजपा इसकी तैयारियों में जुटी है। गौरतरब है कि झाबुआ आदिवासी बहुल सीट है। व हाल के विधानसभा चुनाव में पूरे प्रयास के बाद भी भाजपा को आदिवासी वर्ग का 'पूर्ण समर्थन' नहीं मिला है।



### भाजपा की रणनीतिक बैठक

सत्ताधारी भाजपा के प्रदेश कार्यालय में क्लस्टर प्रभारियों की बैठक शुरू हुई है। इसमें राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, सह प्रभारी सतीश उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, व हितानंद सहित सभी प्रभारी मौजूद हैं। भाजपा अपने उम्मीदवारों की खोज के साथ ही मतप्रतिशत बढाने के लिये पूरी ताकत से काम करने के मंत्र दे रही है।

### कमलनाथ बोले.. मैं लड़ूंगा चुनाव

पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में आज कहा है कि पार्टी यदि आदेश करेगी तो मैं लोकसभा चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने कहा, ' वे चुनाव लडेंगे या नकुलनाथ, यह पार्टी तय करेगी। इसके लिये सभी से चर्चा हो रही है। जो जीतता है, उसे पार्टी उतारेगी।' सूत्रों का कहना है कि मप्र में कांग्रेस ने सभी दिग्गज नेताओं को चुनाव लड़ने के लिये मैदान में उतरने की तैयारी को कहा है। इन नेताओं से उनकी सुविधा व पसंद के हिसाब से तीन तीन क्षेत्र के नाम भी मांगे गये हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में दिग्विजय सिंह, अजय सिंह, अरूण यादव, डा गोविंद सिंह, कांतिलाल भूरिया आदि को आजमा सकती है।



### मोहन सरकार के मंत्रियों की क्लास

**मप्र** में मोहन यादव सरकार के मंत्रियों का प्रशिक्षण आज शुरू हो गया है यह क्लास दो दिन चलेगी। इसमें कैसे काम करें, किन बातों का ध्यान रखें, अधिकारियों के साथ समन्वय कैसा हो और व्यवहार कैसा रहे..इन सभी बातों को लेकर प्रशिक्षित किया जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में यह क्लास कल तक चलेगी। वरिष्ठ मंत्रियों और विशेषज्ञों द्वारा मंत्रियों को बजट समझने, प्राथमिकताओं पर काम करने, कार्यकर्ताओं की अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए टीम भावना के साथ काम करने के संबंध में जानकारी दी जाएगी। मोहन कैबिनेट में 17 सदस्य ऐसे हैं, जो पहली बार मंत्री बने हैं। इनमें चार मंत्री तो ऐसे हैं, जो पहली बार विधायक बने हैं। इन्हें प्रशासनिक अनुभव नहीं है। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विजय शाह द्वारा मंत्रियों को अपने अनुभव और कामकाज के तरीकों के बारे में अवगत करवाया जाएगा। प्रहलाद सिंह पटेल को केंद्र सरकार में काम करने का लंबा अनुभव है। तो वे मंत्रियों को केंद्र सरकार में कामकाज के तरीकों की जानकारी देंगे। इससे पहले शिवराज सरकार में भी मंत्रियों को पचमढ़ी, सीहोर और भोपाल में प्रशिक्षण दिया गया था।

## झारखंड पहुंची न्याय यात्रा, देवघर जाएंगे राहुल

**रांची, एजेंसी।**

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज सियासी उथलपुथल वाले राज्य झारखंड पहुंच गई है। आज राहुल गांधी देवघर में बाबा वैद्यनाथ धाम के दर्शन करेंगे। यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर की राजधानी इंफाल से शुरू हुई थी और मणिपुर से असम, बंगाल और बिहार होते हुए झारखंड पहुंची है। पाकुड़ में रात्रि विश्राम के बाद आज सुबह गोड्डा के सरकंडा चौक से यात्रा की शुरुआत हुई। दोपहर करीब तीन बजे राहुल गांधी मंदिर पहुंचेंगे। इसके बाद वह देवघर में एक रोड शो करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। फिर यात्रा धनबाद की तरफ बढेगी। झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा करीब 804 किलोमीटर का सफर तय करेगी और राज्य में दो चरणों में आठ दिनों के भीतर 13 जिलों से गुजरेगी। आज गोड्डा में लोगों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा 'इस यात्रा का उद्देश्य ये है कि भाजपा नफरत फैला रही है और हम इसका विरोध कर रहे हैं। राहुल ने कहा' अगर अदाणी का नाम लिया जाता है तो लोग सेकेंड में समझ जाते हैं..नरेंद्र मोदी ही उनकी पूंजी हैं।



## न्याय के मामले में अंतरराष्ट्रीय सहयोग कई बार जरूरी होता है : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न्यायिक प्रक्रिया में देश के बीच सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए शनिवार को कहा कि कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ काम करने की आवश्यकता होती है। मोदी राजधानी में आयोजित राष्ट्रमंडल देशों के महान्यायवादियों और महाधिवक्ताओं के स मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा ''जब हम सहयोग करते हैं, तो हम एक-दूसरे की व्यवस्थाओं को को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि यदि देश एक दूसरे की न्यायिक प्रणालियों को को अधिक अच्छी तरह समझते हों तो ,ताल में बढ़ता है। है। स मेलन में एशिया, प्रशांत अफ्रीका और कैरेबियाई क्षेत्र के राष्ट्रमंडल के सदस्य देशों के अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल भाग ले रहे हैं।

## भाजपा विधायक ने थाने में शिवसेना नेता को गोली मारी

### कहा-मेरे बेटे को पीट रही थी पुलिस, मै क्या करता

**मुबंई, एजेंसी।**

महाराष्ट्र में जमीन को लेकर हुए झगड़े के बाद सत्ताधारी दो दलों के नेताओं में विवाद इस कदर बढ़ा कि एक विधायक ने दूसरे नेता को गोली मार दी। भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने शिंदे गुट शिवसेना नेता महेश गायकवाड़ पर थाने के अंदर पांच राउंड फायरिंग कर दी। उल्हासनगर हिल लाइन पुलिस थाने के अंदर गोलीबारी की इस घटना से सनसनी मची हुई है। घटना देर रात की है। आरोपी विधायक को अरेस्ट कर लिया गया है।

पुलिस का कहना है कि 'छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जिनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया। कल्याण विधायक गायकवाड़ ने सीनियर इंस्पेक्टर के चैंबर के अंदर कल्याण के शिवसेना प्रमुख महेश गायकवाड़ पर गोलियां चलाई हैं। महेश को मीरा अस्पताल ले जाया गया लेकिन हालत बिगड़ने के बाद उन्हें ठाणे स्थित जुपिटर अस्पताल में ले जाया गया है। गायकवाड़ ने गिरफ्तारी से पहले एक चैनल से कहा था कि उनके बेटे को पुलिस थाने में पीटा जा रहा था इसलिए उन्होंने फायरिंग की। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र में 'अपराधियों का साम्राज्य' स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने (उसे) गोली मारी, मुझे कोई पछतावा नहीं है। एडिशनल सीपी के मुताबिक, गणपत का बेटा जमीन विवाद के सिलसिले में शिकायत दर्ज कराने पुलिस स्टेशन आया था, तभी महेश गायकवाड़ अपने लोगों के साथ पहुंच गये। इसके बाद में गणपत भी थाने पहुंचे।





**मेट्रो एंकर**

### सियासत में एक और सितारा कूदा, 12 फीसदी वोट बिखरने के आसार

# भाजपा समेत कई दलों के सपनों के आड़े आए विजय

**चेन्नैई, एजेंसी।**

उत्तर व दक्षिण के राज्यों में फिल्मजगत के लोगों की आमद व सक्रियता हर चुनाव में देखीजाती है लेकिन दक्षिण के ही राज्य तमिलनाडु की सियायत में राजनीति में सितारों की इंट्री कुछ खास रही है। एमजीआर, के करुणानिधि और जयललिता ने लगभग 50 वर्षों तक राज्य की राजनीति पर शासन किया। अभी भी करुणानिधि द्वारा बनाई गई डीएमके सत्ता में है। एम के स्टालिन राज्य के मुख्यमंत्री हैं। उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन को उनके उत्तराधिकारी के तौर पर भी देखा जा रहा है अब यहां अभिनेता विजय ने राजनीति में आने का ऐलान करते हुए अपनी पार्टी बना ली है। सवाल यह है कि क्या अब वे नायक बनकर उभरेंगे या फिर मौजूदा दलों के लिए बाधा बनेंगे। हालांकि वे कह रहे हैं कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव नहीं बल्कि दो साल बाद विधानसभा चुनाव लड़ेगी। दरअसल, विजय ने ऐसे वक्त पर पार्टी का ऐलान किया है राज्य में डीएमके सत्ता में है और एआईएडीएमके खेंमों में बंटी है। अभिनय से राजनीति में आए विजयकांत का निधन हो चुका है। रजनीकांत स्वास्थ्य कारणों से अब राजनीति में सक्रिय नहीं है, तो केंद्र की सत्ता में काबिज बीजेपी राज्य में पूर्व आईपीएस अधिकारी के अन्नामलाई को मोर्चे पर लगाकर राज्य में अपनी पैठ बनाने में जुटी है। ऐसे में विजय की पार्टी के ऐलान के बीच चर्चा यह भी हो रही है कि 2026 को चुनावों में लड़ाई युवा और नए चेहरों के बीच होगी।



### मगर नाकाम हो रहे नायक

विजय ने अपनी पार्टी का नाम 'तमिलका वेत्री कड़गम' रखा है। इसे संक्षिप्त में टीवीके कहा जा रहा है। जिसका मोटे तौर पर मतलब है तमिलनाडु विजय पार्टी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन भी फिल्मों में काम कर चुके हैं अब वे राज्य के खेल मंत्री हैं। तमिलनाडु के सितारे पहले जहां राजनीति में सफल रहे हैं तो वहीं हाल के सालों में पुराना इतिहास बदला है। कमल हासन ने मक्कल निधि का पिछ्ले दशक में गठन किया था लेकिन वे खास सफल नहीं रहे हैं।

### सही वक्त पर ली इंट्री?


तमिल सिनेमा में सुपरस्टार की छवि रखने वाले विजय अभी 'गोट' नामक एक फिल्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिल्मों को पूरा करने के बाद वह पूरी तरह से सक्रिय होंगे। ऐसे में जब डीएमके के सामने राज्य के विपक्ष बंटा हुआ है तब विजय किस एजेंडे के साथ आगे बढ़ेंगे। यह देखना काफी दिलचस्प होगा। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि विजय की इंट्री से सभी पार्टियों का वोट बैंक टूटेगा। अनुमान तो यहां तक है कि वे 2026 के चुनावों में 12 फीसदी तक वोट हासिल कर सकते हैं। यह भी कहा जा रहा है कि अगर विपक्ष के वोट में सेंधमारी करते हैं तो इससे डीएमके की स्थिति मजबूत होगी।

## अब केजरीवाल के घर पहुंची क्राइम ब्रांच




**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। अब आम आदमी पार्टी के विधायकों की खरीद फरोख्त के आरोपों के मामले की जांच के लिए क्राइम ब्रांच के एसीपी केजरीवाल को नोटिस देने आज उनके घर पहुंचे। कल शुक्रवार को भी क्राइम ब्रांच की टीम केजरीवाल के घर पहुंची थी, लेकिन मुख्यमंत्री आवास पर मौजूद अधिकारी पुलिस के नोटिस को लेने के लिए तैयार नहीं हैं। सूत्रों के मुताबिक, केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि बीजेपी पार्टी उनके विधायकों को खरीदने की कोशिश कर रही है. उनके 21 विधायकों को तोड़ने की योजना है. इस संबंध में उनके सात विधायकों से संपर्क भी किया गया।



# कोहरा रिटर्न्स.... जाते-जाते दोबारा दी दस्तक



भोपाल। राजधानी में आज सुबह कोहरे ने फिर दस्तक दी। कई स्थानों पर सुबह देर से हुई।

-फोटो : निर्मल व्यास





## 20 फरवरी को होंगे मंत्रालय कर्मचारी संघ के चुनाव

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मंत्रालयीन अधिकारियों कर्मचारियों के संगठन मप्र सचिवालयीन कर्मचारी संघ का पंजीयन निरस्त हो जाने के कारण उसके स्थान पर नवगठित-मंत्रालय सेवा अधिकारी कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु निर्वाचन अधिसूचना जारी की गई है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी और वर्तमान कार्यकारिणी के संरक्षक सुधीर नायक, राजकुमार पटेल और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

निर्वाचन अधिकारी की सहायता के लिए एक 03 सदस्यीय निर्वाचन समिति भी गठित की जायेगी। 12 फरवरी को नामांकन पत्र भरे जाएंगे,13 फरवरी को नामांकन पत्र वापसी व 20 फरवरी को मतदान,मतगणना और परिणामों की घोषणा होगी।

### शपथ दिलाई



वार्ड 41 के उपचुनाव में विजयी भाजपा प्रित्याशी डॉ. रेहान सिद्दीकी को भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने पार्षद पद की शपथ दिलाई।

### दूसरे दिन परीक्षा सामग्री वितरण में लापरवाही

# खुले में रखी गई उत्तर पुस्तिकाएं, अधिकारी बोले: गोपनीयता बरकरार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश में 5 मार्च से शुरू होने वाली माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाके प्रश्नपत्र और शैक्षणिक सामग्री परीक्षा केंद्रों वितरित किए जा रहे हैं। राजधानी भोपाल में मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टीटी नगर (मंडल का समन्वयक केंद्र) में दूसरे दिन शुक्रवार को 58 परीक्षा केंद्रों को प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। दस बस रूट के माध्यम से 58 परीक्षा केंद्रों के प्रश्न-पत्र नजदीकी थानों में पहुंचाए गए। हालांकि इस दौरान लापरवाही भी नजर आई। विद्यार्थियों को वितरित होने वाली कापियां मॉडल स्कूल परिसर में खुले में पड़ी रही। इससे माशिमं की परीक्षा की गोपनीयता पर सवाल उठने लगे हैं। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी का कहना है कि उत्तर पुस्तिका परिसर के अंदर ही रखी हुई थी और गोपनीयता को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरती गई है। कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया है।

**58 परीक्षा केंद्रो को बांटे प्रश्नपत्र, दस बस रूट से हुए रवाना**



## स्कूल में छात्रा से कराया टॉयलेट साफ, अधिकारी बोले-ऐसा नहीं कराया

**सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

राजधानी के एक सरकारी स्कूल में कक्षा 4 की छात्रा से टॉयलेट साफ कराने का मामला सामने आया है। इसका एक कथित वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इसका खुलासा हुआ है। वायरल वीडियो 30 जनवरी का हथाई खेड़ा की शासकीय प्राथमिक स्कूल का बताया जा रहा है। वीडियो में बताया जा रहा है कि बच्ची से टॉयलेट साफ कराया जा रहा है।

परिजन ने शिक्षिका पर बच्चों से टॉयलेट साफ कराने के आरोप लगाए गए हैं। परिजन का कहना है कि स्कूल पहुंचे तो छात्रा क्लास में नहीं थी और वह टॉयलेट में सफाई करते मिली। परिजन ने मामले में थाने में भी शिकायत दर्ज कराई है। वहीं मामले में स्कूल के शिक्षकों का कहना है कि यह सब छात्रा के भाई ने खुद ही कराया है। हम बच्ची से टॉयलेट की सफाई नहीं कराते हैं।

### बीआरसी द्वारा जांच कराई

मामले में जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी का कहना है कि पूरे घटना की बीआरसी द्वारा जांच कराई गई है। जांच में सामने आया है कि बच्ची से टॉयलेट साफ नहीं कराया गया है और न ही किसी बच्चे को टॉयलेट साफ करने के लिए कहा जाता है। शुरूआती जांच में पाया कि छात्रा के भाई ने यह वीडियो बनाया है और वायरल किया गया है। शुरूआती जांच में मामला दो पक्षों के आपसी विवाद का नजर आ रहा है।

### डबल डेकर बनाया जाने की दिशा में बढ़ते कदम

# बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने के काम का जायजा लिया विधायक ने

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का काम जारी है। रैलिंग हटाने के साथ सिंगल डिवाइडर बनाया जा रहा है। हलालपुर से कॉरिडोर हटाने का काम किया जा रहा है। शुक्रवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने कॉरिडोर हटाने के काम का जायजा लिया।

बता दे मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशों के बाद भोपाल से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाया जा रहा है। कॉरिडोर मार्ग पर प्रदेश का पहला डबल डेकर फ्लाई ओवर बनाया जाना है। लालघाटी मार्ग पर कॉरिडोर लोक निर्माण विभाग हटा



रहा है, जो डबल डेकर की निर्माण एजेंसी है। कॉरिडोर हटाने और मार्ग को व्यवस्थित करने को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा ने लोक निर्माण विभाग के अफसरों के चर्चा की। शर्मा ने कहा, कॉरिडोर हटाने का दौरान यातायात का पूरा ख्याल रखा जा रहा है।

रैलिंग और बस स्टॉप हटाने के साथ सिंगल डिवाइडर भी बनाया जा रहा है, मलबा हटाते हुए काम किया जा रहा है।

### उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया शुभारंभ

# एयरपोर्ट पर हार्ट अटैक आने पर एईडी की सुविधा

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शुक्रवार को राजा भोज एयरपोर्ट पर स्वचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर (एईडी) सुविधा की शुरूआत की। एयरपोर्ट पर एईडी की सुविधा को एक बेहतरीन पहल बताया।

बता दे बाह्य डिफिब्रिलेटर ह्रदय की गति को सामान्य करने के लिए काम करता है। ह्रदय गति के अचानक रुकने में उपयोगी होगा है। इसके उपयोग से दिमाग और शरीर के अन्य उपयोगी अंगों की सुरक्षा प्रदान होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यहस सुविधा हवाई यात्रियों की सुरक्षा के लिए अहम है। इस सुविधा के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताता हूं।



### एयरपोर्ट पर चार जगह लगा

यह उपकरण को राजा भोज एयरपोर्ट पर 4 जगहों पर लगाया गया है। जिसमें आगमन, प्रस्थान, सिक्योरिटी होल्ड एरिया और पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज शामिल हैं। वहीं नागर विमानन महानिदेशालय का निर्देश है कि इस प्रकार की सुविधा सभी एयरपोर्ट पर होनी चाहिए।

### इस तरह करेगा काम

स्वाचालित बाह्य डिफिब्रिलेटर का उपयोग ह्रदय गति रुकने पर इंसान के छाती पर एक निर्दिष्ट स्थान पर चिपका दिया जाएगा। डिवाइस के निर्देशों का पालन करना होगा। इस उपकरण का उपयोग उस समय तक किया जाएगा जब तक मेडिकल सुविधा न मिल जाए। इसका उपयोग मेडिकल एक्सपर्ट के बगैर भी किया जा सकता है। इसका पालन इंसान आपात स्थिति के दौरान कर सकता है।

## स्पेशल चाइल्ड को फ्री पढ़ाएगी सबधाणी कोचिंग

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

दृष्टिहीन (स्पेशल चाइल्ड) बच्चों के जीवन में शिक्षा की नयी अलख जगाने और उन्हें तालीम देने के उद्देश्य से सबधाणी कोचिंग इंस्टिट्यूट द्वारा एक अनूठी पहल की गई है। इसके अंतर्गत अब कोई भी फ़िज़ीकली चौलेंजड स्टूडेंट सबधाणी कोचिंग की किसी भी शाखा में निःशुल्क प्रवेश लेकर बैंक, रेलवे, एसएससी, पुलिस, शिक्षक जैसे अनेक शासकीय सेवाओ के उच्च पदो पर आसीन होकर अपना भविष्य संवार सकेंगे।

इस अवसर पर सबधाणी कोचिंग के डायरेक्टर आनंद सबधाणी ने बताया कि सबधाणी कोचिंग से पिछले 51 सालों में सफल हुए जॉब कर रहे 1,15,890 स्टूडेंट्स हमारा मान हैं, लेकिन उन्हीं में से सफल हुए 753 स्पेशल स्टूडेंट्स हमारा अभिमान है।

### मेट्रो एंकर

### भोले के दरबार के कार्यकर्ताओं को राम दरबार भेंट

# संतनगर में सेवा का हुआ सम्मान

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संतनगर के शिव महापुराण कथा वाचक मुकेशजी महाराज के भोले के दरबार के कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुकेशजी एवं विधायक रामेश्वर शर्मा ने श्रीराम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। मून लाइट टाइम्स द्वारा मुकेशजी महाराज के जीवन पर प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

विधायक शर्मा ने कहा कि मुकेशजी महाराज निरंतर कथाओं का आयोजन करते रहे है, निरंतर धर्म की धवजा को लहराए हुए हैं और भगवान शंकर की कथाओं से सनातन धर्म को बढ़ावा देते आ रहे हैं और कार्यकर्ताओं के सम्मान से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है। मुकेश जी महाराज ने



कहा कि सनातन धर्म हमें सेवा का मार्ग दिखाता है। हमारी सनातन संस्कृति स्वयं भूखे रहकर भी भूखे का पेट भरने की सेवा सिखाती है और सबसे पहली और बड़ी सेवा अपने माता-पिता की सेवा यही शिव महापुराण का सार है। सारे तीर्थ, सारे धाम माता- पिता के चरणों में वास करते हैं। माता पिता इस धरती के साक्षात भगवान है।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी, उपाध्यक्ष नंद दादलानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, म.प्र.आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, भाजपा नेता चन्दू भैया, मण्डल अध्यक्ष कमल वीधानी, पार्षद विकास मारन, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, राजेश बेलानी, कला रजक, हीरानंद गनवानी, कार्यक्रम संयोजक हीरो हिन्दू, कमलेश रायचंदानी, भारती मूलचंदानी, संध्या प्रधान, अशोक तनवानी, शम्मी गंगवानी, प्रवीण होतवानी, ओम आसनानी, प्रकाश वीधानी, सीमा लालवानी, महेश खटवानी, आभा शर्मा, कमलेश देवानी, निर्मला सोती, राचंद सबनानी, रमेश जनियानी, रामचंद सबनानी, अर्जुनदास गुरबानी, सुषमा कटेजा, रोशनलाल उतवानी, वासु गुलानी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर शनिवार हनुमानजी को चढ़ेगा चोला

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

बजरंग सेना समिति तीन फरवरी को सुबह 9 बजे कांजी हाउस स्थित शिव शक्ति मंदिर में हनुमान महाराज को चोला चढ़ाएगी। 03 फरवरी से 23 अप्रैल तक हर शनिवार को चोला चढ़ाया जाएगा। चढाया जाएगा। समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि राजकुमार गर्ग के सानिध्य में हर शनिवार प्रातः 9 बजे शिव शक्ति मंदिर सैनिक कॉलोनी में चोला चढ़ाया जाएगा।

# 42 ब्लॉकों में फायलेरिया बीमारी, नियंत्रण का काम 7 में ही शुरू हुआ

## स्टेट टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में सामने आई काम की रफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

फायलेरिया प्रदेश के 42 ब्लॉकों में फैल रहा है लेकिन नियंत्रण के प्रयास अब तक 7 ब्लॉकों में ही शुरू हो पाया है। यह मामला उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के सामने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने रखी है। असल में उप मुख्यमंत्री स्टेट टास्क फोर्स कमेटी की बैठक ले रहे थे, तब उन्होंने फायलेरिया उन्मूलन के कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कामों की समीक्षा की, जिसमें पाया कि नियंत्रण का काम तो जिस गति से चलना चाहिए, उस अनुरूप नहीं चल रहा है। तब अधिकारियों ने उन्हें बताया कि शेष 35 ब्लॉकों में वर्ष 2024 के अंत तक फायलेरिया उन्मूलन का काम शुरू कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि ये 42 ब्लॉक छतरपुर, दतिया, कटनी, पन्ना, उमरिया रीवा, टीकमगढ़, निवाड़ी, सागर, सतना, छिन्दवाड़ा और दमोह जिले के है। जिनमें 10 फरवरी से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान किया जाएगा जो 3 दिन बूथ स्तर पर, 6 दिन घर-घर अभियान और 3 दिन में शेष रह गई जनता के लिए फॉलोअप गतिविधियों के तहत पूरा किया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों से सहयोग लिया जाएगा।

### आयुष्मान की राशि रोकी तो होगी कार्रवाई

आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों का इलाज करने वाले सरकारी और निजी अस्पतालों की राशि रोकने वालों पर कार्यवाही हो सकती है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इसके संकेत दिए है। असल में कुछ अस्पतालों के संचालकों ने यह बात सामने लाई है कि उन्हें लंबे समय तक क्लेम की राशि नहीं मिलती, परेशान होना पड़ता है। दूसरे मरीजों का इलाज करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सोमवार वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की और अधिकारियों से कहा है कि समय से राशि जारी कराएं।

# मप्र 18 सहित देशभर के 421 विवि को यूजीसी से झटका, डिफाल्टर घोषित

## 18 विश्वविद्यालयों में आरजीपीवी, एमसीयू, हिंदी विवि सहित अन्य विवि शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**प्रदेश के 18 सहित देशभर के 421 विश्वविद्यालयों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने बड़ा झटका दिया है। यूजीसी ने इन सभी विश्वविद्यालयों को डिफाल्टर घोषित कर दिया है।**



मप्र के डिफाल्टर घोषित किए गए 18 विश्वविद्यालयों में रीवा का अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, भोपाल का अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, माखनलाल चतुर्वेदी नेशनल यूनिवर्सिटी आफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सांची यूनिवर्सिटी आफ बुद्धिस्ट इंडेक्स स्ट्डीज, जबलपुर का धर्मशास्त्र नेशनल ला विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, इंदौर का डॉ. बीआर अंबेडकर यूनिवर्सिटी आफ सोशल साइंस, ग्वालियर का जीवाजी विश्वविद्यालय, राजा मानसिंह तोमर म्यूजिक एंड आर्ट्स विश्वविद्यालय, छतरपुर का महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, उज्जैन का महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, चित्रकूट का महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, शहडोल का पंडित एसएन शुक्ल विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा का राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय हैं।

### यह है पूरा मामला

दरअसल, यूजीसी ने देशभर के सभी विश्वविद्यालयों को अनिवार्य रूप से लोकपाल नियुक्त करने के आदेश दिए थे। देश के सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों की शिकायतों का निराकरण करने के लिए लोकपाल की नियुक्ति करना थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने छात्रों की शिकायतों के लिए शिकायत निवारण विनियम-2023 को अधिसूचित कर दिया था। इसके तहत प्रवेश संबंधी गड़बड़ी, फीस, सर्टिफिकेट वापस न करना, उत्पीड़न, परीक्षा संचालन में अनियमितता, छात्रवृति, दाखिले के लिए अलग से धन की मांग करना, आरक्षण नियमों का पालन न करना जैसी अन्य शिकायतों पर अब 15 कार्य दिन में समिति को रिपोर्ट करने और निपटारा करने का दायित्व लोकपाल का होगा। लेकिन विश्वविद्यालयों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### 31 दिसंबर तक दी थी अंतिम मोहलत

यूजीसी ने 31 दिसंबर 2023 तक की अंतिम मोहलत भी दी थी। जब विश्वविद्यालयों ने गंभीर लापरवाही बरती तो यूजीसी ने उन्हें ब्लैकलिस्ट कर दिया। यूजीसी ने सभी डिफाल्टर विश्वविद्यालयों को स्पष्ट कर दिया है कि शीघ्रता से लोकपाल की नियुक्ति कर यूजीसी को अवगत करवाएं।

### कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की मप्र में हुई बैठक में दिए सुझाव

# मध्यप्रदेश ने केंद्र से कहा- खरीफ उपजों की लिमिट बढ़ाई जाए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र ने केंद्र को कृषि उपजों की लिमिट बढ़ाने का सुझाव दिया है। मप्र में अधिक पैदावर को देखते हुए यह सुझाव दिया है ताकि किसानों को समर्थन मूल्य पर उनकी उपज बेचने में कोई असुविधा न हो। ये सुझाव केंद्रीय कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की शुक्रवार भोपाल में हुई बैठक में दिए गए। आयोग ने खरीफ फसलों की खरीदी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य कितना होना चाहिए इसको लेकर सभी महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, केन्द्र शासित प्रदेश दादर नगर हवेली, दमन एवं दीव के राज्यों के सदस्यों और विशेषज्ञों से उनके सुझाव जानें। साथ ही इन राज्यों के किसान कल्याण विभागों के अधिकारियों से बातचीत की। बैठक में स्टेक होल्डर, किसान, सरकार, व्यापारी और अन्य प्रतिभागी शामिल थे। आयोग के अध्यक्ष विजयपाल शर्मा ने सभी से आपसी व्यापक चर्चा कर आयोग को अनुशंसाएं देने के लिए कहा है। यह महत्वपूर्ण बैठक कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हुई।

मप्र किसान-कल्याण तथा कृषि विकास के अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने मध्यप्रदेश की सिंचाई, सिंचाई पम्प, कृषि यंत्रीकरण, ट्रेक्टर, विभिन्न फसलों के उत्पादन में देश में विशिष्ट स्थान संबंधी वस्तु-स्थिति आयोग के समक्ष रखी। आयोग के सदस्य सचिव अनुपम मित्रा ने समर्थन मूल्य के लिये राज्यों से धान, बाजरा, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, ज्वार, दलहन-तिलहन फसलों, मसाला फसलों के लिए आयोग से अनुशंसाएं लेने की बात कही। सदस्य रतनलाल डागा ने लागत मूल्यों को कम करने के लिये उपार्जन व्यवस्था को मजबूत करने, सिंचाई की उचित व्यवस्था के साथ विपणन के समुचित प्रबंधों पर जोर दिया।

### इधर, किसानों के लिए काम करने वाले आयोग की बैठक की जानकारी किसानों को ही नहीं लगने दी !

इधर, आम किसानों को भनक तक नहीं लगी यह आयोग जिन किसानों के लिए काम करने का दावा करता है, मप्र के उन आम किसानों को आयोग के भोपाल में बैठक करने की भनक तक नहीं लगी। जिस पर किसानों का कहना है कि मप्र का किसान कई समस्याओं से जूझ रहा है। मैदानी स्थितियों का कई अधिकारियों का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं है, बंद कमरे में बैठकर योजनाएं बनाई जा रही है, जो जमीनी स्तर पर फेल हो रही है। जहां तक समर्थन मूल्य के दाम तय करने का विषय है तो यह सीधे किसानों से जुड़ा है, इसमें आम किसान समूहों से भी उनके सुझाव लिए जाने चाहिए। भारतीय किसान यूनियन के नर्मदापुरम जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र राजपूत का कहना है कि जिस अनुरूप लागत बढ़ी है, उसके उसके अनुसार दाम बढ़ाने की जरुरत है और भी कई स्तर पर किसानों को राहत दी जाने चाहिए।

# प्रदेश में तुअर उत्पादन को बढ़ावा देने विशेष अभियान चलेगा: सीएम



### मुख्यमंत्री से भारत सरकार के सीएसीपी का प्रतिनिधि मंडल मिला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मप्र में तुअर के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार का प्रोत्साहन मिलने से प्रदेश में दलहन और तिलहन फसलों के उत्पादन में वृद्धि हो सकेगी। प्रतिनिधि मंडल में भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) के अध्यक्ष प्रो. विजय पॉल शर्मा तथा आयोग के सदस्य डॉ. नवीन पी सिंह, अनुपम मित्रा और रतन लाल डागा शामिल थे। इस अवसर पर किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में 9वीं व 11वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 10 को

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जवाहर नवोदय विद्यालय, रातीबड़ जिला भोपाल में कक्षा 9वीं -11वीं में प्रवेश के लिए पार्श्व प्रवेश परीक्षा - 2024, शनिवार 10 फरवरी 2024 को भोपाल जिले के दो केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश-पत्र ऑनलाइन उपलब्ध है। अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश-पत्र ऑनलाइन navodaya.gov.in से स्वयं ही प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश-पत्र प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो दूरभाष 0755-2896325 एवं मोबाइल नंबर 95843-59571 पर सपर्क किया जा सकता है।

### मंत्री ने लिखा विद्यार्थियों के नाम पत्र, कहा-

# सफलता के लिए स्वयं से प्रतिस्पर्धा करें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने आगामी 5 फरवरी से बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हे शुभकामनाएं दी है। मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि यह समय केवल परीक्षा की तैयारी का है। नकारात्मकता छो? आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें और सफलता पाएं। जीवन के हर मोड़ पर सफलता अर्जित करने के लिये दृढ संकल्प और पूरी निष्ठा से कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि परीक्षा का डर हर किसी के मन में रहता है परंतु हमें इस डर पर काबू पाना है। सफलता के लिये किसी और से नहीं, स्वयं से ही प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। मंत्री भूरिया ने कहा कि अनेकों बार ऐसा भी होता है कि हमें हमारी उम्मीदों के अनुरूप परिणाम नहीं मिलते हैं और हम निराश हो जाते हैं, हार मान लेते हैं। मप्र में परीक्षा में किसी भी कारण से असफल हुए विद्यार्थियों को निराश होने की जरूरत नहीं, क्योंकि विद्यार्थियों को रूक जाना नहीं योजना के अंतर्गत दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाता है।



### अभिभावक उम्मीदों का बोझ न लादें

महिला बाल विकास मंत्री भूरिया ने विद्यार्थियों के माता-पिता को समझाइश देते हुए कहा कि वे अपनी उम्मीदों का बोझ बच्चों पर न लादें। हर बच्चा अपने-आप में विशेष होता है और उनकी क्षमताएँ अलग-अलग होती हैं। बच्चों को परीक्षा से तनाव न हो इसके लिये माता-पिता इस दौरान उनसे सकारात्मक संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित करें और बताएं कि उनकी आपके जीवन में क्या अहमियत है।

**राज्यपाल बोले...**

### शिक्षण संस्थाएं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने वाली पीढ़ी का निर्माण करें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश की सभी शिक्षण संस्थाओं का यह दायित्व है कि वह ऐसी पीढ़ी का निर्माण करे, जो राष्ट्र के प्रति सजग रहे, अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करे, वंचितों के लिये कार्य करके देश एवं समाज में आमूलचूल परिवर्तन लाये। विकसित भारत के निर्माण के लिये यह आवश्यक है कि नई शिक्षा नीति ऐसी हो, जिसमें युवाओं का स्किल डेवलपमेंट हो। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा राष्टीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन पर आयोजित सेंट्रल झोन वाईस चांसलर कॉन्फ्रेंस में कही।

**मेट्रो एंकर** | कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशन कन्वेंशन सेंटर में मंथन

# खरीफ फसलों की एमएसपी निर्धारण के लिए पश्चिमी राज्यों की बैठक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कृषि लागत एवं मूल्य आयोग, कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पश्चिमी राज्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2024-25 के लिये खरीफ फसलों के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारण पर मंथन किया गया। बैठक में मप्र के साथ ही महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, केन्द्र शासित प्रदेश दादर नगर हवेली, दमन एवं दीव के सदस्य शामिल हुए।

बैठक में अध्यक्ष, कृषि लागत और मूल्य आयोग भारत सरकार विजयपाल शर्मा ने आयोग के सभी स्टेक होल्डर, किसान, सरकार, व्यापारी और अन्य प्रतिभागियों से आपसी व्यापक चर्चा कर आयोग को अनुशंसाएं देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि स्टेक होल्डर की चर्चाओं में खरीफ फसलों, दलहन-तिलहन के आयात-निर्यात, उपभोक्ताओं की मांग, उपार्जन, उत्पादन की लागत, अनुसंधान एवं समर्थन मूल्य के आंकलन के आधार पर अनुशंसाएं की जायें। सदस्य सचिव कृषि लागत एवं मूल्य आयोग अनुपम मित्रा ने समर्थन मूल्य के लिये राज्यों से धान, बाजरा, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, ज्वार, दलहन-तिलहन फसलों, मसाला फसलों के लिये आयोग से अनुशंसाएं लेने का अनुरोध किया। आयोग के सदस्य रतनलाल डागा ने लागत मूल्यों को कम करने के लिये उपार्जन व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, सिंचाई की उचित व्यवस्था के साथ ही विपणन के समुचित प्रबंधों की आवश्यकता जताई। अध्यक्ष कृषि लागत एवं मूल्य आयोग महाराष्ट्र पाशा पटेल ने विभिन्न राज्यों द्वारा विभिन्न खरीफ फसलें मुख्यतः सोयाबीन, कपास के लिये न्यूनतम समर्थन मूल्य की प्रस्तावित दरों की अनुशंसाएं आयोग से की। उन्होंने विभिन्न राज्यों की दरों का तुलनात्मक एवं तथ्यात्मक विश्लेषण कर अंतर की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग, वर्षा की स्थिति अनुसार फसलों का निर्धारण किया जाना चाहिये।



बैठक के तकनीकी सत्र का शुभारंभ अपर मुख्य सचिव किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मध्यप्रदेश अशोक बर्णवाल ने किया। उन्होंने आयोग के समक्ष मध्यप्रदेश की सिंचाई, सिंचाई पम्प, कृषि यंत्रीकरण, ट्रेक्टर, विभिन्न फसलों के उत्पादन में देश में विशिष्ट स्थान संबंधी वस्तु-स्थिति आयोग के समक्ष रखी। उन्होंने उपार्जन में विभिन्न कृषि उपजों पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित लिमिट को बढ़ाने का अनुरोध किया।



**सुविचार**

भरोसा रखें..
हम जब कहीं किसी का अच्छा कर रहे होते हैं,
तब हमारे लिए भी कहीं कुछ अच्छा हो रहा होता है -**अज्ञात**

## संपादकीय

# बुनियादी कमजोरियां भी

*एक संतुलित अर्थव्यवस्था में विकास दर की जो गति होनी चाहिए, वह कई दावों के बाद भी कभी लड़खड़ाती नजर आती है तो कभी संभलती। इसके बरक्स महंगाई और बेरोजगारी की दर पर काबू पाना अब भी बड़ी चुनौती है। सरकार जब यह कहती है कि लोगों की आमदनी बढी है और महंगाई काबू में है तो आम आदमी के कुछ दर्द ताजा हो जाते हैं। दरअसल महंगाई के कम होने का असर सीधे आदमी की जेब पर पड़ना चाहिये, उसकी क्रयशक्ति बढना चाहिये और बचत भी बढना चाहिये। इसलिए घरेलू मांग और निवेश का बढ़ना कुछ मर्तबा असंगत जान पड़ता है। औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में जैसा उत्साह नजर आना चाहिये वह नजर नहीं आता। सरकार इसे गति देने के लिये खुद भी निवेश कर रही है। ऐसे में विकास दर में संतुलन को लेकर सवाल बने रहते हैं। हालांकि बाजारों के गुलजार होने की खबरें और पांच ट्रिलियन डालर की इकॉनामी बनने के रास्ते भी नजर आते हैं लेकिन इन तमाम हालातों में जैसा सतत प्रवाह बना होना चाहिये, वह कहीं कम दिखाई पड़ता है। बहरहाल अंतरिम बजट से पहले सरकार ने इस बार आर्थिक सर्वेक्षण के बजाय जो आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट पेश की है, वह गौरतलब है। चुनावी वर्ष होने की वजह से इस बार सरकार ने फैसला किया था कि आर्थिक सर्वेक्षण के बजाय समीक्षा रिपोर्ट पेश की जाएगी। आर्थिक सर्वेक्षण चुनाव के बाद पेश होने वाले पूर्ण बजट के समय प्रकाशित किया जाएगा। सर्वेक्षण में तो बताया जाता है कि पिछले बजट में सरकार ने जो लक्ष्य तय किए थे, उन्हें कहां तक हासिल किया जा सका है। इस तरह आर्थिक सर्वेक्षण एक तरह से सरकार के पूरे एक वर्ष के प्रदर्शन का मूल्यांकन भी करता है। मगर इस वर्ष चूंकि वह परंपरा बदल गई लिहाजा समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्तवर्ष में भारत की विकास दर सात फीसद रहेगी। अगले तीन वर्षों में पांच लाख करोड़ डालर के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अभी 3.7 लाख करोड़ डालर की अनुमानित जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है। हालांकि समीक्षा रिपोर्ट में लगभग वही बातें कही गई हैं, जो पिछले काफी अरसे से कही जा रही हैं इन्हीं बातों की प्रतिध्वनि अंतरिम बजट में भी गूंजीं। हालांकि सरकार का पांच लाख करोड़ डालर की अर्थव्यवस्था बनना महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य है। मगर जिस तरह दुनिया मंदी के दौर से गुजर रही है, उसके बीच भारतीय अर्थव्यवस्था का रुख ऊपर की तरफ बना होना थोड़ा राहत देता है। इसलियह ही इसके पांच लाख करोड़ डालर के लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल नहीं माना जा रहा। पिछले दस वर्षों में कई उल्लेखनीय सुधार हुए हैं, जिसका असर आर्थिक प्रगति पर स्पष्ट देखा जा रहा है। हालांकि दुनिया की सभी रेटिंग एजंसियां मानती हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और इस वर्ष इसके सात फीसद से ऊपर रहने का अनुमान है। मगर व्यापार घाटे और राजकोषीय घाटे से पार पाना थोड़ा कठिन तो बना हुआ है। रोजगार के अपेक्षित नए अवसर सृजित न हो पाने के कारण बड़ी संख्या में लोगों की क्रयशक्ति कमजोर हुई है। बाजार में पूंजी का प्रवाह सतत व संतुलित नहीं है। जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक को रेपो दरों के मामले में कड़ा रुख अपनाए रखना प? रहा है। आय में असमानता भी बड़ी है। इसलिए गरीबों की संख्या में कमी आने के आंकडों पर भी संदेह जताए जा रहे हैं। इन तमाम बातों के बीच अर्थव्यवस्था की गुलाबी तस्वीर उत्साह तो पैदा करती है, मगर बुनियादी कमजोरियों को दूर करने का इशारा भी करती है।*

# बदलती विश्व व्यवस्था के बीच अंतरिम बजट

**अंतरिम बजट में पूंजीगत व्यय पर ध्यान देते हुए राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के प्रयास किए गए हैं और पूर्वी भारत के विकास पर फोकस किए जाने की घोषणा की गई है, जो स्वागत योग्य है।**

**पिनाकी चक्रवर्ती**

अगर हम अंतरिम बजट को विकास के एक विचार के तौर पर देखें, तो इसका फोकस चार क्षेत्रों पर है बुनियादी ढांचे का विकास, नवाचार, समावेशन और कौशल। इन चार क्षेत्रों के अलावा, इस बजट में नवीकरणीय ऊर्जा, ब्लू इकनॉमी, जलवायु संबंधी परियोजनाओं का वित्तीयन और निवेश के बारे में भी उल्लेख है। बजट में पूर्वी भारत के विकास पर फोकस किए जाने की घोषणा की गई है, जो स्वागतयोग्य है। बजट में प्रत्यक्ष कर से जुड़ी प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है।




इसके अलावा, इसमें व्यक्तिगत आयकर से संबंधित बकाया कर संबंधी विवादों के समाधान पर भी फोकस किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें छोटे कर-दाताओं की बकाया मांगों का समाधान दिया गया है, जो 1962 से लंबित थीं। इनकी वजह से ईमानदार कर-दाताओं को परेशानी होती है और बाद के वर्षों के रिफंड में भी बाधा पहुंचती है। इसके उचित समाधान के लिए अंतरिम बजट में वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि से संबंधित 25 हजार रुपये तक और वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2014-15 के लिए दस हजार रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर संबंधी मांगों को वापस लेने का प्रस्ताव किया गया है। इस कदम से करीब एक करोड़ करदाताओं को फायदा पहुंचने की उम्मीद है और कर व्यवस्था पर करदाताओं का भरोसा भी ज्यादा बढ़ेगा।

पूंजीगत व्यय पर ध्यान देते हुए पूरा फोकस राजकोषीय सुदृढ़ीकरण पर बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय वृद्धि दर 11.1 फीसदी है, जो उसी वर्ष के लिए अनुमानित जीडीपी वृद्धि दर 10.5 फीसदी से ज्यादा है। पूंजीगत व्यय में वृद्धि की एक प्रमुख वजह राज्यों को 1.3 लाख करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त ऋष्ण का प्रावधान करना है। चूंकि केंद्र सरकार का राजस्व घाटा काफी बढ़ रहा है, ऐसे में, केंद्र की राजकोषीय स्थिरता पर इस तरह के ब्याज मुक्त ऋष्ण के दीर्घकालीन प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राजकोषीय घाटे का संशोधित अनुमान जीडीपी का 5.8 फीसदी है। वर्ष 2024-25 का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 फीसदी होने का अनुमान है। राजकोषीय घाटे में यह सुधार 2023-24 (संशोधित अनुमान) और 2024-25 (बजटीय अनुमान) के बीच राजस्व घाटे में जीडीपी के 2.8 से दो फीसदी की कमी होने के कारण है। उच्च राजस्व संग्रह और राजस्व घाटे के ज्यादा सुदृढ़ीकरण से राजस्व घाटे में सुधार मिलने की उम्मीद है।

वित्तमंत्री के अनुसार, कोविड महामारी के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था की प्रकृति बदल रही है और एक नई वैश्विक व्यवस्था का विकास हो रहा है, जिसमें वैश्वीकरण की अवधारणा और आपूर्ति शृंखला को कई बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि वैश्वीकरण की प्रक्रिया में भाग लेने वाले देशों को समान अनुपात में लाभ नहीं मिल सकता है। इससे उन जटिलताओं की ओर इशारा भी मिलता है, जिनसे भारत जैसी उभरती हुई अर्थव्यवस्था को आने वाले समय में निपटना होगा, क्योंकि वैश्विक आर्थिक गतिविधि में भारत का महत्व बढ़ रहा है।

खंडित वैश्वीकरण के कारण बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता से भारत को खुद को बचाना होगा और इसके लाभों को ग्रहण करने के लिए उसे रणनीतिक तौर पर चलना होगा। यह भारत को प्रतिभाओं और कौशलों जैसी सॉफ्ट पावर का उचित उपयोग करने और अपनी वैश्विक स्थिति के रणनीतिक इस्तेमाल का अवसर भी देता है, ताकि वह वैश्वीकरण के लाभों में से अपना हिस्सा सुनिश्चित कर सके।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

## आज का इतिहास

- **1628**–शाहजहाँ को आगरा में मुग़ल बादशाह का ताज पहनाया गया।
- **1797**–इक्वाडोर की राजधानी क्वीटो में आये विनाशकारी भूकंप में 41 हजार से अधिक लोग मारे गये।
- **1847**–मैरीलैंड में अमेरिका की पहली टेलीग्राफ कंपनी की स्थापना की गयी।
- **1881**–लोकमान्य तिलक के संपादन में दैनिक समाचार पत्र 'केसरी' का पहला अंक आया था।
- **1895**–अमेरिका के शिकागो में पहले रोलिंग लिफ्ट पुल का उद्घाटन हुआ।
- **1920**–लंदन से दक्षिण अफ्रीका के बीच पहली विमान सेवा शुरू।
- **1922**–भारत रत्न सम्मानित, भारतीय शास्त्रीय संगीत (गायक) पंडित भीमसेन जोशी का जन्म।
- **1924**–महात्मा गाँधी को उनका ख़राब स्वास्थ्य होने के कारण समय से पहले ही जेल से रिहा कर दिया गया।
- **1932**–न्यूयार्क के लेक प्लेसिड में तीसरे शीतकालीन ओलंपिक का शुभारंभ।
- **1938**–प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्य कलाकारों में से एक बिरजू महाराज का जन्म।
- **1948**–सिलोन (अब श्रीलंका) को ब्रिटेन से आजादी मिली।
- **1960**–भोपाल रियासत के आखिरी नवाब हमीदुल्लाह खान का निधन।
- **1965**–अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- **1973**–भारत के सबसे बड़े मर्चेंट पोत जवाहरलाल नेहरू का उद्घाटन। इसमें 88,000 डीडब्ल्यूटी का सुपर टैंकर था।
- **1976**–ग्वाटेमाला में भीषण भूकंप में 23,000 लोगों की मौत हो गई और 75,000 से ज्यादा जख्मी हुए।
- **1978**–जूलियस जयवर्धने द्वारा श्रीलंका के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण।
- **1990**–केरल का एर्नाकुलम ज़िला देश का पूर्ण साक्षर ज़िला घोषित हुआ। यहां साक्षरता की दर शत प्रतिशत दर्ज की गई।
- **1993**–भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक दौलत सिंह कोठारी का निधन।
- **1994**–अमेरिका ने वियतनाम के विरुद्ध लगाये गए व्यापारिक प्रतिबंध हटाये।
- **1996**–दक्षिण-पश्चिमी नेपाल के लुम्बिनी में उस वृक्ष का पता चला, जहाँ भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था।
- **1997**–इजरायल की सेना के दो हेलीकाप्टर उत्तरी इजरायल में टकराए। देश के इतिहास के इस भीषणतम हवाई हादसे में सेना से जुड़े 73 लोग मारे गए।
- **1998**–अफ़ग़ानिस्तान में आये भीषण भूकम्प में 4000 से अधिक लोगों की मृत्यु।
- **2000**-पहली बार 'विश्व कैंसर दिवस' मनाया गया। इसका उद्देश्य दुनिया भर में कैंसर के प्रति लोगों में जागरुकता फैलाना था।
- **2001**–तिब्बत की निर्वासित सरकार ने ऐलान किया कि भारत ने करमापा लामा को शरणार्थी का दर्जा दे दिया है। वह जनवरी 2000 में किशोरावस्था में भारत चले आए थे।
- **2003**–यूगोस्लाविया ने आधिकारिक तौर पर अपना नाम बदलकर सर्बिया और मोंटेनेग्रो किया।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के उपयोग की चुनौतियां

**दिनेश सी.शर्मा**

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) टूल्स जैसे कि चैटजीपीटी तमाम क्षेत्रों में लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं, अब तो चिकित्सकों, मरीज़ों और स्वास्थ्य देखभाल एजेंसियों ने भी उपयोग शुरू कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एआई की नैतिक उत्तरदायित्व एवं परिचालन विधि को लेकर नए परामर्श प्रपत्र में चेतावनी युक्त संदेश जारी किया है, विशेषकर स्वास्थ्य क्षेत्र में लार्ज मल्टी-मोडल मॉडल्स (एलएमएम) के इस्तेमाल पर। एलएमएम, जैसे कि चैटजीपीटी और बार्ड, टेक्स्ट और वीडियो जैसे इनपुट डाटा को स्वीकर कर सकता है और जो आउटपुट यह पैदा करेगा वह मात्र इंपुटेड डाटा तक सीमित नहीं है। ये व्यवस्थाएं मानवीय सक्षमता की नकल करने के लिए डिजाइन की गई हैं, यहां तक कि ऐसे कार्य करने में समर्थ हैं, जिनके लिए इनमें लर्निंग और एडैप्टिंग प्रोग्राम फीड न भी किए गए हों। इसलिए इनसे स्वास्थ्य से संबंधित मिथ्या, त्रुटिपूर्ण, पक्षपाती या अपूर्ण सूचनाएं आने का गंभीर जोखिम दरपेश है। यह भी अब साफ है कि एआई व्यवस्था को इस तरह 'सिखाया' जा सकता है कि लैंगिक, जाति, नस्ल आदि से संबंधित असत्य, तोड़ा-मरोड़ा डाटा घड़कर यह हानिकारक या पक्षपाती सामग्री पैदा कर सके।

एआई का उपयोग बढ़ने के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2021 में मोटे तौर पर सामान्य दिशा-निर्देशक सिद्धांत जारी किए थे, जोकि स्वास्थ्य क्षेत्र में इस नई तकनीक के इस्तेमाल की संभावना को मान्यता थी। इन सिद्धांतों के मुताबिक, एआई तकनीक के लिए अनिवार्य था कि वह संप्रभुता की सुरक्षा, मानव भलाई को बढ़ावा, मानव सुरक्षा, जनहित को प्रोत्साहित करे, साथ ही पारदर्शी, व्याख्यात्मक हो एवं सुबोधता सुनिश्चित करती हो, उत्तरदायी और जिम्मेवाराना हो, सबका साथ और समानता सुनिश्चित करने वाली हो, उन तकनीकों को बढ़ावा दे जो प्रतिक्रियाशील और सतत हों। व्याख्यात्मक का अर्थ है कि पब्लिक डोमेन में एआई के डिज़ाइन या डिप्लॉयमेंट को लेकर समुचित जानकारी उपलब्ध करवाई जाए।

पिछले हफ्ते जारी नए दिशा-निर्देश स्वास्थ्य क्षेत्र में एलएमएम के विकास और अपनाए जाने से संबंधित हैं। एलएमएम का उपयोग समझने के लिए, किसी एआई तकनीक की वैल्यू-चेन (मूल्य-शृंखला) को समझना बहुत महतत्वपूर्ण है। इस शृंखला के किसी भी चरण पर, अहम निर्णय लेने पड़ेंगे, जो इस तकनीक की भावी दिशा और परिणामों पर असर डाल सकते हैं।

शृंखला का आरंभ एलएमएम टूल को विकसित करने से होता है। विकसित करने वालों में, कोई एक बड़ी तकनीकी कंपनी, कोई यूनिवर्सिटी या एक तकनीक नव-



उद्यम या राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली या सार्वजनिक-निजी भागीदार उद्यम हो सकता है। तत्पश्चात, एक प्रदाता, जो कोई तीसरा पक्ष भी हो सकता है, वह एलएमएम में आगे सूक्ष्म सुधार और इसको प्रशिक्षित करके एक प्रोग्रामिंग इंटरफेस पेश कर सकता है। बृहद सॉफ्टवेयर के साथ एलएमएम का एकीकरण करने की जिम्मेवारी प्रदाता की है ताकि यह एक एप्लीकेशन बन सके। चेन में तीसरा मुख्य खिलाड़ी डेप्लॉयर है, जो अंतिम छोर पर, उपयोगकर्ता को यह सेवा उपलब्ध करवाता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में, प्रदाता कोई एक अस्पताल शृंखला, सरकारी स्वास्थ्य एजेंसी या फिर दवा कंपनी भी हो सकती है। इस वैल्यू चेन के प्रत्येक चरण परङ्क डेवेलपर, प्रोवाइडर और डेप्लॉयर ङ्कके अलावा बहु-नैतिकता एवं प्रशासनिक मुद्दों की भूमिका है। अधिकांशतः, डेवेलपर एक बड़ी तकनीकी कंपनी होगी क्योंकि एलएमएम विकसित करने को जरूरी पर्याप्त कम्प्यूटिंग पॉवर, तकनीकी कौशल और धन उसके पास होगा। लेकिन, एलएमएम अपने एल्गॉरिद्?म एवं संभावित जोखिम संबंधी सूचना को अपारदर्शी बनाकर बड़ी तकनीकी कंपनियों के दबदबे को और मजबूती दे सकता है। पारदर्शिता को लेकर कॉर्पोरेट में प्रतिबद्धता नदारद होना एक मुख्य चिंता है।

नियामक और विधिक प्राधिकरण को एआई टूल्स द्वारा मौजूदा विधिक एवं नियामक तंत्र में दिए दिशा-निर्देशों, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्व और राष्ट्रीय डाटा सुरक्षा कानून के प्रावधानों के अनुपालन को लेकर चिंता है। एलएमएम की घोषणा के समय सरकार एवं नियामक एंजेसियां सकते में थीं क्योंकि उनके पास इसको लेकर कोई नियम मौजूद नहीं थे। उदाहरणार्थ, यूरोपियन यूनियन को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस कानून की पुनर्समीक्षा के आखिरी पड़ाव पर एलएमएम को शामिल करने के लिए पुनः नए प्रावधान जोड़ने पड़े।वैल्यू चेन में एलएमएम के प्रशिक्षण के लिए जिस ढंग से डाटा एकत्रण या प्रबंधन और प्रसंस्करण चल रहा है, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हो सकता है यह एल्गॉरिद्?म विधिक एवं नियामक तंत्र की पालना न करे। जैसा कि अध्ययनों में पाया गया है, एलएमएम में फर्जी प्रतिक्रिया देने की संभावना खुली है और नियमों का अनुपालन न करना देखा गया है। जैसे-जैसे एलएमएम का उपयोग स्वास्थ्य तंत्र को चलाने में बढ़ता जा रहा है, एक अन्य चिंता उपजी है कि गलतियों, दुरुपयोग और नुकसान होने की सूरत में जिम्मेवारी क्या होगी। अन्य तकनीकी एप्लीकेशंस की भांति, इस प्रणाली को भी साइबर अटैक का खतरा है, तब मरीज से संबंधित जानकारी को खतरा होगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मोटे तौर पर एमएलएल की पांच उपयोगिताओं की शिनाख्त की है, क्रमशः डायाग्नोसिस एंड क्लीनिकल केयर, इनवेस्टीगेटिंग सिम्पट्म्स एंड ट्रीटमेंट, क्लेरिकल-एडमिनिस्ट्रेटिव टास्क (जैसे मरीज की फेरियों का संक्षिप्त विवरण) और मेडिकल एवं नर्सिंग शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान एवं औषधि विकास। मरीजों की पूछताछ का उत्तर देने को स्वास्थ्य संबंधी रिकार्ड और फेरियों पर आधारित एआई, खासकर एलएमएम का उपयोग हेल्थ क्षेत्र में बढ़ रहा है। इससे स्वास्थ्य कर्मी का समय बचाने में मदद मिलेगी। एक कंपनी ऐसा मेडिकल एलएमएम विकसित कर रही है जो मरीज द्वारा पूछे सवालों का जवाब दे पाएगी और उसकी मेडिकल हिस्ट्री एवं जांच रिपोर्ट्स का डाटा (जैसे एक्स-रे रिपोर्ट) सम्मिलित करके संक्षिप्त ब्योरा और क्लीनिशियंस के लिए अंतिम रिपोर्ट तैयार करेगी।

डर यह है कि जरूरी नहीं कि विशेषतौर पर प्रशिक्षित व्यवस्था भी सटीक उत्तर बना पाए। एआई टूल्स का एक बड़ा असर डॉक्टर-मरीज रिश्तों में आगे बदलाव होगा, जोकि मरीजों द्वारा इंटरनेट सर्च इंजन के उपयोग में बढ़ोतरी की वजह से पहले से खराब हैं। आगे की राह एआई टूल्स और एलएमएम का उपयोग बंद करने में नहीं बल्कि इन्हें पारदर्शिता से विकसित करने और इनके उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने में है। आरंभ के लिए, सरकार को स्वास्थ्य सेवा या दवा क्षेत्र को लेकर विकसित किए जाने वाली एमएलएम की अंदरूनी जानकारी तक पहुंच और अनुमति देने के लिए एक नियामक एजेंसी बनानी चाहिए। इसके साथ ही, कम्प्यूटिंग पॉवर एवं पब्लिक डाटासेट्स के समावेश वाला गैर-मुनाफा अथवा सार्वजनिक तंत्र विकसित करने का प्रयास हो, जिस तक सार्वजनिक, निजी और गैर मुनाफा टूल विकसित करने वालों की पहुंच हो। स्वास्थ्य सेवाओं और उत्पादों पर लागू होने वाले तमाम नैतिक और मानवाधिकार मानकों को विस्तार देते हुए एआई तकनीक एवं टूल्स पर भी लागू किया जाए। जहां कहीं स्वास्थ्य क्षेत्र और मेडिकल एप्लीकेशंस में एलएमएम का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर हो, वहां जारी किए जाने उपरांत इनकी लेखा-परीक्षा और प्रभाव का आकलन स्वतंत्र तीसरे पक्ष द्वारा करवाना अनिवार्य बनाया जाए। लिहाजा, न तो एआई के फायदों को बढ़ा-चढ़ाकर देखा जाए न ही इससे जुड़े जोखिमों को घटाकर पेश किया जाए।

**लेखक विज्ञान संबंधी विषयों के माहिर हैं।**

## निशाना

### काण्ड भी तमाम !



– कृष्णेन्द्र राय

*जैसी करनी वैसी भरनी।*
*खाए खूब मलाई।।*
*पर आए थे करने।*
*जनता की भलाई।।*
*तय मिलना परिणाम।*
*पेश किया जो काम।।*
*सत्य है पर लेकिन।*
*काण्ड भी तमाम।।*
*एक एक कर चीजें।*
*बाहर आने वाली।।*
*हो रहा कुछ सूखा।*
*थी पहले हरियाली।।*
*होना था प्रहार ये।*
*आज नहीं तो कल।।*
*फंस गई है गाड़ी।*
*लगता मुश्किल हल।।*

# लोकायुक्त टीम ने पटवारी को रिश्वत लेते रंगों हाथों पकड़ा

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम शहर का पटवारी देवेंद्र सहरिया एक दुकान से काम के बदले कई दिनों से पैसे की मांग कर रहा था । दुकानदार ने इसकी शिकायत भोपाल लोकायुक्त को की थी , जिस पर लोकायुक्त की टीम ने श्री सहरिया को रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ा है । बता दें कि सहरिया की शिकायत पहले भी कई बार हो चुकी है। पूर्व में इनका स्थानांतरण भी किया गया था । लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते इन्होंने अपना तबादला करवा लिया था। मालूम हो कि सहरिया ने रसूलिया डबल फाटक पर एक 90 साल के वृद्ध की जमीन के मामले में भी सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने की शिकायत की गई थी। साथ ही रेलवे फाटक डेरा सच्चा वाले मामले में चर्चा में रहे थे । उक्त जमीन में भी इनके शिकायत शिकवा की गई थी

**काम के बदले 40 हजार रुपए की कर रहा था मांग**



### भोपाल से आई थी 9 सदस्य लोकायुक्त टीम पटवारी के निवास पर पहुंचा दल

बता दें कि एक दुकान को खाली करने की एवज में 40000 रुपए की मांग की गई थी, जिसमें उक्त दुकानदार 31 हजार रुपए पहले दे चुका था । पटवारी सहरिया 9000 रुपए के लिए और अड़ी डाल रहा था, जिस पर शिकायतकर्ता अमृतलाल सिंह ने तीन दिन पहले ही उक्त पटवारी सहरिया की लिखित रूप से शिकायत की थी, जिसमें उल्लेख किया था कि पटवारी रिश्वत मांग रहा है, जिस पर शुक्रवार को पटवारी के निवास पर लोकायुक्त टीम ने पटवारी के खिलाफ कार्रवाई की है।

# समाजसेवी संस्था ने किया हज यात्रियों का स्वागत



**नर्मदापुरम।** सभी धर्म संप्रदाय को समान भाव से मान सम्मान देकर सभी मनुष्य को एकता के सूत्र में बांधने के उद्देश्य से क्रियाशील सामाजिक सरोकारों से जुड़ी संस्था सामाजिक समरसता राष्ट्रीय मंच द्वारा संस्था की सदस्य व समाज सेवी नाज़नीन शेख एवं उनके परिवार के हज यात्रा पर प्रस्थान करने के दौरान नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर संस्था संरक्षक के एस राजपूत मोहम्मद आदिल फाजिल मोहम्मद अली ललित यादव मोहम्मद अकरम खान जय बाला निगम एवं अन्य साथियों द्वारा नाज़नीन तथा उनके परिजनों का आत्मीय स्वागत कर हज यात्रा की शुभकामनाएं दी गई।

## कलेक्टर व एसपी ने महादेव मेला स्थल पचमढ़ी का किया निरीक्षण

# 29 फरवरी से 9 मार्च तक लगेगा पचमढ़ी में प्रसिद्ध महादेव मेला

- कलेक्टर ने मेले की सभी तैयारियां 27 फरवरी तक पूर्ण करने के दिए निर्देश
- ट्रैफिक, पार्किंग, मार्ग , पेयजल सहित अन्य व्यस्थाओं का कलेक्टर एसपी ने लिया जायजा
- पचमढ़ी में महादेव मेले की तैयारीयों के संबंध में बैठक आयोजित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी में इस वर्ष 29 फरवरी से 9 मार्च तक महादेव मेला आयोजित किया जाएगा। नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने शुक्रवार को पचमढ़ी में महादेव मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ होटल आइलैंड के पास अस्थाई बस स्टैंड से लेकर महादेव मंदिर स्थल तक पहुंच मार्ग एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। बताया गया कि पूर्व वर्ष की तरह इस बार भी पचमढ़ी में बड़ी बसों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। जिसके लिए मटकुली पर एक चेक पॉइंट बनाया जाएगा। साथ ही पगार के पास भी एक चेक पॉइंट रहेगा। इस प्रकार दोनों चेक पॉइंट के माध्यम से वाहनों का प्रबंधन किया जाएगा।

कलेक्टर सुश्री मीना ने ट्रैफिक पुलिस सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान ट्रैफिक का बेहतर प्रबंधन किया जाए। चिन्हित पार्किंग स्थलों पर भी पर्याप्त रोशनी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी रहे. उन्होंने लोक निर्माण विभाग को मेला स्थल तक आने जाने वाले मार्ग में आवश्यक मरम्मत शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में पेयजल की भी बेहतर व्यवस्थाएं की जाएं। पाइपलाइन की टेस्टिंग कर सुनिश्चित करें कि सभी नल चालू स्थिति में रहे। मेला क्षेत्र में बिजली की भी सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साडा पचमढ़ी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें, नियमित रूप से साफ सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराएं।

निरीक्षण के पूर्व महादेव मेले के सफल आयोजन के संबंध में संजय गांधी संस्थान पचमढ़ी में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में महादेव मेला समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत द्वारा मेले की रूपरेखा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मेले में मध्य प्रदेश और विशेषकर महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मेला अवधि में लगभग 5 से 6 लाख श्रद्धालु पचमढ़ी पहुंचते हैं। कलेक्टर सुश्री मीना बैठक में समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरी गंभीरता और तत्परता से सौंप गए दायित्वों को निभाएं। पूर्व वर्षों की तरह मेले का सफल संचालन किया जाए। उन्होंने कहा कि समन्वय के अभाव में कई बार परेशानियां निर्मित होती हैं। मेला संचालन में संलग्न सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी आपसी समन्वय और सामंजस के साथ काम करें। मेले के पूर्व सभी विभागों की बैठके आयोजित कर कार्यों की समीक्षा भी करें। नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारियों की समन्वय के उद्देश्य से संयुक्त बैठक भी आयोजित किया जाए।बैठक में मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम को पचमढ़ी मार्ग में आवश्यक मरम्मत की जाने के साथ सड़क दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों को चिन्हित .र्ग और चोरागढ़ मंदिर की क्षतिग्रस्त सीढ़ियां और चबूतरों की मरम्मत तथा नांदिया जंक्शन की तरफ से प्रवेश मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को राउंड द क्लॉक मेडिकल टीम नियोजित करने के निर्देश दिए गए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग को पेयजल की सुचारू आपूर्ति एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया गया। आबकारी विभाग को निर्देश दिए गए कि अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्रवाई की जाए। वन विभाग को आपसी समन्वय और आवश्यक अनुमतियों के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत होमगार्ड, पुलिस, आपदा मित्र , स्वास्थ्य विभाग का अमला मुस्तैदी से तैनात रहे। सूचनाओं के आदान-प्रदान करने के लिए पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम भी स्थापित किया जाए। आवश्यक जानकारी से संबंधित जगह-जगह पर डिस्प्ले बोर्ड भी लगाएं जाए। कंट्रोल रूम का भी संचालन कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कर्मियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला ड्यूटी में संलग्न सभी अधिकारी कर्मचारियों को आइडेंटी कार्ड भी जारी किया जाए। बैठक में कलेक्टर सुश्री मीना ने मंडल समितियां के पदाधिकारीयों से भी चर्चा कर उनकी वाजिब समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए।

# बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो, एसडीएम ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आगामी 5 फरवरी से कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षाएं प्रारंभ होना है शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा संपन्न कराने हेतु संपूर्ण तैयारी पूर्ण कर ली गई है। बोर्ड परीक्षाएं विकासखंड में शांतिपूर्वक संपन्न करने हेतु प्रमोद सिंह गुर्जर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा विकासखंड के समस्त केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष अतिरिक्त केंद्र अध्यक्ष तथा कलेक्टर प्रतिनिधियों की बैठक सभाकक्ष में रखी गई। मंडल द्वारा प्रसारित निर्देशों का पालन हो सके तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन ठीक प्रकार से किया जाए प्रश्न पत्रों की गोपनीयता बनी रहे इस संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त केंद्रों पर पेयजल, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई पर्याप्त फर्नीचर व्यवस्था आदि के संबंध में भी दिशा निर्देश जारी किए गए। श्याम सिंह रघुवंशी विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंडल द्वारा प्रदत्त दिशा निर्देशों के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया बोर्ड परीक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी समस्त केंद्रो पर कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर से समस्त जानकारी कंट्रोल रूम प्रभारी से समन्वय करके ली जाएगी छात्र-छात्राओं को भय मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए प्रत्येक केंद्र पर पुलिस व्यवस्था रहेगी।

**5 फरवरी से कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षाएं प्रारंभ होंगी**

# नर्मदा कॉलेज में अग्निवीर तीनों सशस्त्र सेना बलों में भर्ती के लिए कार्यशाला आयोजित



**नर्मदापुरम।** नर्मदा कॉलेज में जिला रोजगार कार्यालय और स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय वायु सेवा में अग्नि वीर के पद पर भर्ती से संबंधित जानकारी देने हेतु भोपाल से सार्जेंट संदीप कुमार और सार्जेंट राकेश कुमार 15 एयरमैन सिलेक्शन सेंटर से उपस्थित हुए। इस कार्यशाला का उद्देश्य अग्नि वीर योजना में बड़ी संख्या में युवाओं को देश की रक्षा और तीनों सशस्त्र बलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। उन्होंने एन सी सी के नेवी और आर्मी के छात्रों को अग्नि वीर में भर्ती होने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया ,परीक्षा की पात्रता के साथ किन पदों के लिए आवेदन किया जा सकता है ,पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि अग्नि वीर भर्ती प्रक्रिया चुनौती पूर्ण है लेकिन देश की सेवा करने और गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनने का एक अवसर भी है।डॉ आलोक मित्रा ने अग्नि वीर को राष्ट सेवा के साथ दूसरों के जीवन में बदलाव लाने की दिशा में अग्रसर होने वाला फौजी बताया। डॉ यास्मीन खान ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।डॉ मीना कीर, ,डॉ दिनेश श्रीवास्तव, धर्मेश तिवारी का सराहनीय सहयोग रहा। विद्यार्थियों ने आवेदन प्रक्रिया, भर्ती परीक्षा, फिजिकल फिटनेस, लिखित परीक्षा आदि पर अपने प्रश्न पूछे और दस्तावेजों की तैयारी के लिए प्रेरित हुए।

## न्यायालय परिसर में 24 फरवरी को समाधान आपके द्वार योजना के तहत शिविर

**विदिशा।** उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर के प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री रोहित आर्या के निर्देशन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर विदिशा में 24 फरवरी को समाधान आपके द्वार योजना के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री मसूद एहमद खान ने बताया कि सर्वसाधारण से यह आवाहन किया गया है कि समाधान आपके द्वार योजनांतर्गत उक्त तिथि पर आयोजित शिविर में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, नगर पालिका परिषद तथा वन विभाग एवं न्यायालयों में प्रचलित राजीनामा योग्य मामलों तथा प्रीलिटीगेशन मामलों का सोहाद्रपूर्ण वातावरण में आपसी समझौते से निराकरण किया जाएगा, यदि आम नागरिकों का कोई मामला उपरोक्त किसी श्रेणी में आता है और राजीनामा द्वारा प्रकरण का निपटारा चाहते हैं तो इस अवसर का लाभ अवश्य उठायें।

# चौपाल लगाकर एचआईवी और एड्स को लेकर किया नागरिकों को जागरूक

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

एक फरवरी से 10 फरवरी तक विदिशा के सभी विकासखंडों में चलाए जा रहे युवा एचआईवी एड्स रोकथाम कार्यक्रम के क्रम में नेहरू युवा केंद्र विदिशा एवं मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के तत्वाधान मे गंज बासौदा की ग्राम पंचायत भाटनी मे जिला युवा अधिकारी निक्की राठौर के निर्देशन, श्री हरीश तिवारी के मार्गदर्शन व पूर्व एनवाईव्ही श्री देवेंद्र कुमार साहू के नेतृत्व मे चौपाल एवं युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजन ग्राम के आंगनवाड़ी केंद्र के प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीणजनों को एचाइवी ध् एड्स के सम्बन्ध मे मुख्य वक्ता सीएचओ सुश्री मोनाली ने जागरूक करते हुए इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिसमे एचआईवी क्या है , एचआईवी व एड्स में अंतर , एड्स संक्रमण कैसे होता है व इससे बचने के उपाय आदि से सम्बंधित जानकारी ग्रामीणों को वीडियो फिल्म दिखाकर दी गई। वहीं ग्राम के मुख्य मार्गो पर पोस्टर पम्प्लेट्स को साथ लेकर एक जागरूकता रैली भी निकाली गई जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भागिदारी की।

ऊक्त आयोजन में जअप की ब्लाक समन्वयक श्रीमती ममता राठौर , स्कूल यूनिसेफ से जिला समन्वयक व सामाजिक कार्यकर्ता अमित शर्मा, ज्योति रघुवंशी, उमेश कुशवाह, गोपाल मिश्रा, सरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर**

## कलेक्टर ने किया 25 वा इंटरनेशनल एडवेंचर प्रोग्राम का शुभारंभ

# भारत सहित बांग्लादेश एवं श्रीलंका के प्रतिभागी शामिल

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

भारत स्काउट और गाइड के राष्ट्रीय साहसिक संस्थान पचमढ़ी द्वारा 25 वे इंटरनेशनल एडवेंचर प्रोग्राम का आयोजन 2 फरवरी से 8 फरवरी तक किया जा रहा हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा शुक्रवार को एडवेंचर प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर स्काउट एंड लीडर प्रोग्राम एसएस राय, एसडीएम संतोष कुमार तिवारी, बिल्किस शेख , प्रबंधक अरुण चन्द्र पतार , अकाउंट ऑफिसर साजिद मोहम्मद सहित भारत सहित श्रीलंका एवं बांग्लादेश के प्रतिभागी की उपस्थित रहे। शुभारंभ कार्यक्रम में विभिन्न देशों से आए प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। इस सात दिवसीय एडवेंचर प्रोग्राम में विभिन्न रोमांचकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रमुख रूप से रॉक क्लाइंबिंग, पैरासेलिंग जिपलाइन, ट्रैकिंग, कैंपफायर इत्यादि गतिविधियां आयोजित की जायेगी।



पचमढ़ी में 8 फरवरी तक जारी रहेगा आयोजन

उल्लेखनीय है कि भारत स्काउट्स और गाइड्स का राष्ट्रीय साहसिक संस्थान, पचमढ़ी युवाओं के बीच साहसिक कार्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान द्वारा नियमित रूप से साहसिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसने न केवल भारत स्काउट्स और गाइड के सदस्यों के लिए बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में गैर-वर्दीधारी युवाओं के लिए भी साहसिक गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति का आनंद लेने के रास्ते खोले हैं। अब तक देश के कोने-कोने के साथ-साथ विदेशों से 1 लाख से अधिक युवा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय साहसिक कार्यक्रम का आनंद ले चुके हैं।

पचमढ़ी घाटी चारों ओर से पहाड़ियों से समृद्ध है और पश्चिमी क्षितिज पर चौरागढ़, महादेव और धूपगढ़ की ऊँची चोटियाँ हैं। यहां कई झरने, झरने और नदियां हैं जो इन पहाड़ियों से निकलती हैं और घाटी के पार निचली ढलानों तक बहती हैं और गहरी घाटियों और खड्डों का नजारा बनाती हैं। पचमढ़ी अपनी लंबी पैदल यात्रा, चढ़ाई के लिए जाना जाता है और इसे 'ट्रेकर्स पैराडाइज' के नाम से भी जाना जाता है।

### दर्शनीय आनंद के साथ साहसिक कार्य

पचमढ़ी का हिल रिसॉर्ट 'सतपुड़ा की रानी' एक पसंदीदा पर्यटन स्थल है। पचमढ़ी की बेहतरीन प्राकृतिक सुंदरता शानदार झरनों से भरपूर है। बी-फॉल, डचेस फॉल, सिल्वर फॉल; पचमढ़ी झील, अप्सरा विहार जैसे फ़र्न किनारे वाले वन पूल, हांडी खोह, प्रियदर्शिनी, लोट श्रंग, राजेंद्रगिरि, पचमढ़ी गार्डन, इको पॉइंट, रीच गढ़ आदि जैसे लुभावने दृश्यों के दृश्य के साथ सुविधाजनक स्थान। यहाँ बढ़िया वनस्पति और जीव-जंतु और सघनता है चारों ओर सतपुड़ा के जंगल। महादेव, गुप्त महादेव और जटा शंकर में भगवान शिव के गुफा मंदिर देश और विदेश से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। कुछ और अतिरिक्त आकर्षण बौद्ध मूल की रॉक कट गुफाएं हैं जिन्हें पांडव गुफाओं के नाम से जाना जाता है; चौरागढ़ मंदिर अपने असंख्य त्रिशूलों, धूपगढ़ में सूर्योदय और सूर्यास्त बिंदु आदि के लिए प्रसिद्ध है। प्रतिभागी दर्शनीय स्थलों के साथ साहसिक गतिविधियों का भी आनंद उठा सकेंगे।



### कॉलोनी में नहीं है पानी निकासी के इंतजाम, जिला प्रशासन भी भूमि माफियाओं पर नहीं कर रहा कार्रवाई

# आखिर आम जनता की क्यों नहीं हो रही सुनवाई, जन प्रतिनिधि नहीं दे रहे ध्यान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

सीएम बदलने के बाद भी जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली में कोई बदलाव नहीं हो रहा है । इस वजह से आम जनता परेशान शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है भू माफिया भोली भाली जनता को चूना लगाकर चलते बनते हैं। कॉलोनी में रहने वाली आम जनता लंबे समय से मूल भूत सुविधाओं के लिए तरस रही है।नगर में चारों तरफ लंबे समय से कॉलोनी काटने का काम किया जा रहा है। जिनमें कई कालोनियां अवैध ओर कुछ वेद भी उनमें से भी अधिकांश कॉलोनी में समय सीमा भी जाने के बाद भी इनमें भी पानी निकासी के इंतजाम नहीं हुए हैं, गलियों का निर्माण भी नहीं कराया गया है अन्य सुविधाओं के लिए बृजवासी तरस रहे हैं ।अवैध कॉलोनी की तो क्या कहना अवैध कॉलोनी में तो सड़कों से लेकर अन्य सुविधाएं भी नहीं है यहां पर गंदे पानी की भरमार होने से रवासियों को प्रतिदिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नालिया बनी नही है खाली प्लाटों में गंदगी जमा हो रही है। गंदे पानी में मच्छरों की भरमार रहती है जिसमें कई तरह के जीव जंतु भी पनप रहे हैं, इस वजह से बीमारियां फैलने का खतरा बना रहता है। इनकी रोकथाम के लिए यहां पर दवा का छिड़काव भी स्थानीय प्रशासन के द्वारा नहीं किया जाता है ना ही इन परेशानियों से जूझ रहे रहवासियों को मुक्ति दिलाने के लिए कदम उठाए जा रहा है एसडीएम और नगर पालिका के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से पालन झाड़ लेते हैं। क्षेत्र के जन प्रतिनिधि आंखें बंद करके तमाशा देख रहे हैं। आखिर यहां लोग किसके पास अपनी फरियाद लेकर जाएं कहां इनकी सुनवाई होगी। नगर पालिका परिषद भी इनकी सुध नहीं ले रही है इस वजह से रवासियों को कठिनाइयों के बीच अपना जीवन यापन करना पढ़ रहा है।



### स्थानीय प्रशासन भी नहीं दे रहा ध्यान

कॉलोनाइजर के झांसे में फंस चुकी की जनता जब अपनी परेशानी लेकर एसडीएम ,सीएमओ के पास जाती है तो स्थानीय प्रशासन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने की जगह पर जनता को चार बातें करके चला कर देते हैं पहले तो कहा जाता है कि अवैध कॉलोनीयों में हम कोई कार्रवाई नहीं कर सकते हैं दूसरी ओर जब वेद कॉलोनीयों की शिकायत लेकर पहुंचते हैं तो वहां पर जांच करवाने की बात कह कर खाना पूर्ति कर दी जाती इस वजह से समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### एक दूसरे पर डालते हैं जिम्मेदारी

आम जनता की शिकायतों पर स्थानीय प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है इसी बात का फायदा उठाकर कॉलोनाइजर्स आम जनता को चूना लगाने में लगे हुए हैं।जन प्रतिनिधि भी आंखें बंद करके तमाशा देख रहे हैं लोगों की शिकायत पर जनप्रतिनिधि आम जनता को गुमराह करने के लिए केवल आश्वासन देखकर भूल जाते हैं इस वजह से समस्या जस की तस बनी हुई है। इसी बात का फायदा उठाकर कॉलोनाइजर कहीं भी कॉलोनी काटकर चलते बनते हैं फिर जनता सुविधाओं के लिए चक्कर काटती रहती है इनकी कोई सुनवाई नहीं होती है जबकि ऐसा करने वालों पर धोखाधड़ी के तहत कार्रवाई होनी चाहिए पर ऐसा नहीं किया जा रहा है।

### जनता के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर कलेक्टर क्यों है मेहरबान

जनता को सुविधा नहीं देने वाले कॉलोनाइजर पर कार्रवाई करने का अधिकार जिला कलेक्टर के पास है इसके बाद भी भाई कार्रवाई नहीं कर रहा है । स्थानीय स्तर पर सुनवाई नहीं होने पर कई बार जिला कलेक्टर से भी शिकायत की जा चुकी है फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही है आखिर ऐसा क्यों हो रहा है । किसके दबाव में कार्रवाई नहीं हो रही है भू माफिया के आगे जिला प्रशासन भी नस मस्तक होता हुआ दिखाई दे रहा है । वहीं कलेक्टर चाहे तो अवैध एवं वेद रूप से कॉलोनी काटकर सुविधा नहीं देने वालों पर सीधी कार्रवाई करके प्रकरण भी दर्ज करवा सकते हैं, तथा रहवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा सकते है । सूत्र बताते हैं अधिकांश कॉलोनी नजरों ने सीधा संपर्क कलेक्टर से स्थापित कर लिया इस वजह से द्वारा स्थानीय प्रशासन की बातों पर कोई ध्यान नहीं दिया था क्योंकि इनका सीधा संपर्क जिला कलेक्टर से है । स्थानीय प्रशासन किसी भी तरह की कार्रवाई करने की कोशिश भी करता है तो सीधा कलेक्टर कार्यालय से फोन आ जाता है । इस वजह से कॉलोनी काटने वालों की बल्ले बल्ले हो रही ।

### बारिश के दिनों में तालाब जैसा दिखता है नजारा

बारिश के दिनों में तो इतनी बड़ी समस्या होती है कि रहवासियों के घरों में पानी भी भर जाता है इस वजह से 4 महीने में घरों से निकलने में कठिनाई होती है तेज बारिश होने पर घरों से पानी निकालना पड़ता है। पिछले वर्ष बासौदा रोड सहित कई कॉलोनीयों का क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने जायजा लेकर पानी निकासी की विकराल समस्या मिलने पर तत्काल अधिकारियों को खरी-खोटी सुनते हुए विधायक ने सीएमओ को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे पर साल बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

### इनका कहना है

*जब हमें कॉलोनी प्लाट दिया गया था तब सभी सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही थी पर कई साल भी जाने के बाद भी पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण भी नहीं किया गया है। अन्य सुविधाएं भी नहीं मिल रही है हमारी शिकायत पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।*

*भूपत सिंह रहवासी*

*वैद अबैध कॉलोनी काटकर जनता को लूटने का काम भू माफिया के द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। राजनीतिक संरक्षण तथा कलेक्टर की मेहरबानी से ही सब कुछ हो रहा है दम के आगे सब फेल है।*

*अशोक जैन खर्चा सामाजिक कार्यकर्ता।*

*यदि पानी निकासी की समस्या है तो हम इसकी जांच करवा कर का नियम अनुसार कर्रवाई करेंगे।*

*हर्षल चौधरी एसडीएम सिरोंज*

## पाप से कमाई गई दौलत कभी नहीं फलती: नलिनी कांत महाराज



**सिरोंज।** ग्राम झंडाव में चल रही श्रीमद् ज्ञान गंगा भागवत कथा में तीसरे दिन कथा का रसपान कराते हुए आचार्य नलिनी कांत शास्त्री ने कहां की पाप और अत्याचार से एकत्रित किए गए धन का उपयोग करने वाले जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ते हैं वह पाप के भाग होते हैं ऐसा करने वालों के परिवार में सुख शांति नहीं होती इसलिए हमें अन्याय और अत्याचार से धन अर्जित नहीं करना चाहिए मेहनत और परिश्रम से धन अर्जित करने वालों को कभी कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता है और इस दौलत से हमेशा आदमी फलता फूलता बुराई थोड़ी थोड़ी दिन चलती है और जब नीचे गिरती है तो पता भी नहीं चलता है। साथ उन्होंने भगवान शिव पार्वती विवाह की कथा का रसपान भी विस्तार से कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद थे।

## राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु चलाया जा रहा है राजस्व महाअभियान

**रायसेन।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक राजस्व महाअभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा इस संबंध में सभी एसडीएम, तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं। जिनके परिपालन में महाअभियान के दौरान राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के साथ ही नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। राजस्व महाअभियान में राजस्व रिकॉर्ड का वाचन, समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग, आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, उत्तराधिकार नामांकन, सीमांकन, नक्शे में तरमीम किया जाना आदि गतिविधियां की जा रही है। राजस्व महाअभियान के तहत 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक राजस्व अभिलेख में सुधार, प्रकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं रिपोर्ट प्रदान करना, आधार से ई-केवायसी कराने और खसरे तथा आधार की लिंकिंग की कार्यवाही पूर्ण कराने हेतु किसानों को प्रेरित किया जाएगा।

## सड़क चौड़ीकरण में रोड़ा बना बिजली का खंभा, दुर्घटनाओं को दे रहा दावत



**सिरोज, दोपहर मेट्रो**

एसडीएम हर्षल चौधरी ने बासौदा नाके लिंक रोड पर वह काम कर दिया जो काम शायद कोई नहीं कर सकता था । इससे पहले कई अधिकारियों ने प्रयास किए पर बाय सफल नहीं हो पाए। इन्होंने चौराहे को चौड़ा करवाने का काम धरातल पर कर दिया सड़क चौड़ी करवा कर निर्माण भी करवा दिया है । मगर बिजली वितरण कंपनी का बीच चौराहे पर लग बिजली का खंबा सड़क चौड़ीकरण में रोड़ा बना हुआ इस वजह से हमेशा यहां पर दुर्घटना घटित होने का खतरा बना रहता है। तेज गति से चारों तरफ से वहां आते हैं सड़क तो चौड़ी है पर बीच में खंबा होने के कारण वाहन चालकों को असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ता है। यदि इस खंबे को यहां से हटवा कर साइड में लगवा दिया सड़क चौड़ीकरण का फायदा वाहन चालकों को चलाने में काफी आसानी होगी इसको किनार लगा दिया जाए तो यह चौराहे दूर से ही काफी और अच्छा दिखाई देने लगेगा वैसे ही सड़क चौड़ीकरण होने के बाद यहां पर काफी जगह दिखाई देती है। बिजली का पोल हट जाएगा तो दुर्घटना होने की जो संभावना बनी हुई है वह भी नहीं बनेगी अभी दुर्घटना घटित होने का खतरा जरूर बना हुआ है।

## जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला 05 तथा 06 फरवरी को



**रायसेन।** कृषि विभाग के निर्देशानुसार सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) एवं मप्र राज्य मिलेट मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला वर्ष 2023-24 का आयोजन 05 तथा 06 फरवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक कृषि विज्ञान केन्द्र नकतरा में किया गया है। मेले में विभिन्न विभागों कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यान विभाग, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, रेशम विभाग, मत्स्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीएचई, एमपी एग्रो, कृषि विज्ञान केन्द्र, सहित अन्य विभागों और निजी क्षेत्रों के कृषि आदान सामग्री प्रदायकों/निर्माताओं (बीज, उर्वरक, कीटनाशक, खरपतवार नाशक, कृषि यंत्र) द्वारा प्रदर्शनी लगाकर उन्नत तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इस कृषि विज्ञान मेले में जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से कृषक सम्मिलित होंगे।

## थानों की सीमाओं का पुर्ननिर्धारण थानों के क्षेत्राधिकारों में परिवर्तन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विदिषा के संदर्भित अधिसूचना के माध्यम से थानों की सीमाओं का पुर्नः निर्धारण किया गया था जिसका म.प्र राजपत्र प्रकाषन किया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार षुक्ला के द्वारा बताया गया कि थानों के क्षेत्राधिकारों में परिवर्तन किया गया है जिन ग्रामों की दूरी वर्तमान में जुडे थानो से अधिक है उन ग्रामो को अन्य थानो जिसकी दूरी नजदीक है उनसे जोडे जाने की कार्यावाही गई है । इससे ग्रामीणों को नजदीक होने से कानूनी कार्यावाही का जल्दी फायदा मिलेगा । एसडीओपी उमेष तिवारी ने बताया कि जों थानों के क्षेत्राधिकार में परिवर्तन किया गया है थाना आनंदपुर ग्राम मनाखेडी थाना सिरोंज में सम्मिलित किया है थाना मुरवास का ग्राम पचमढी सिरोंज मे सम्मिलित किया गया है थाना मुरवास के ग्राम घुटुआ थाना सिरोंज में सम्मिलत किया है थाना मुरवास के ग्राम खेजडा गोपाल को थाना सिरोंज में सम्मिलत किया है थाना मुरवास के ग्राम बासखेडी अजीत को थाना सिरोंज में सम्मिलत किया है ।




थाना मुरवास के ग्राम जागलपुर को थाना सिरोंज में सम्मिलत किया है थाना मुरवास के ग्राम छापू को सिरोंज थाने मे सम्मिलत किया है थाना मुरवास के ग्राम खेरूआ टपरा को थाना सिरोंज में सम्मिलत किया है थाना मुरवास के कन्दराखेडी को थाना सिरोंज में सम्मिलत किया है । थाना मुरवास के सुगनाखेडी को थाना सिरोंज में सम्मिलत किया है थाना मुरवास के बरखेडी साजन को थाना सिरोंज में सम्मिलत किया है थाना मुरवास के हफीजनगर को थाना सिरोंज में सम्मिलत किया है । थाना दीपनाखेडा के ग्राम सहस्त्राबाद को थाना पथरिया में सम्मिलत किया है थाना मुरवास के साहनखेडी को थाना सिरोंज मे सम्मिलत किया गया है । थाना मुरवास के ग्राम रामप्रसाद टपरा को सिरोंज थाने में सम्मिलत किया गया है थाना मुरवास के ग्राम मनिहार टपरा को सिरोंज थाने में सम्मिलत किया गया है थाना दीपनाखेडा के ग्राम कादरपुर को सिरोंज थाने में सम्मिलत किया गया है । दीपनाखेडा के ग्राम अहमदाबाद खिल्ली को थाना सिरोंज में सम्मिलत किया गया है । दीपनाखेडा के थाने का ग्राम भीकमपुर को थाना सिरोंज में सम्मिलत किया है थाना सिरोंज का ग्राम देहरी माधौ थाना पथरिया में सम्मिलत किया है थाना सिरोंज के आफताब नगर को थाना पथरिया में सम्मिलत किया है थाना सिरोंज के परसोरा को थाना पथरिया में सम्मिलत किया है थाना सिरोज के आमाढाना को थाना पथरिया में सम्मिलत किया है थाना सिरोंज के ग्राम छीपीखेडी को थाना पथरिया में सम्मिलत किया है थाना सिरोंज के मनीरामपुर को थाना पथरिया में सम्मिलत किया है थाना सिरोंज के बगरोदा को थाना पथरिया मे सम्मिलत किया है थाना सिरोंज ग्राम बमुरिया उदा को थाना दीपनाखेडा में सम्मिलत किया है थाना सिरोंज के ग्राम कर्राखेडी को थाना दीपनाखेडा मे सम्मिलत किया है थाना सिरोंज के ग्राम बरखेडा केदार को थाना दीपनाखेडा में सम्मिलत किया है । थाना सिरोंज के ग्राम ताहिरपुर को थाना दीपनाखेडा में सम्मिलत किया है । थाना दीपनाखेडा के अजीगाबाद को थाना मुगलसराय में सम्मिलत किया है । थाना दीपनाखेडा के पैकोली को थाना मुगलसराय में सम्मिलत किया है थाना दीपनाखेडा के ग्राम मिर्जापुर को थान मुगलसराय में सम्मिलत किया है ।

**मेट्रो एंकर** | अतिथि शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित के लिये शासन ने पूर्व में कई घोषणाएं की

## अतिथि शिक्षक संगठन ने स्कूलों से न हटाने व नियमित करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



गंजबासौदा उच्च प्रभार की प्रक्रिया के चलते बडी संख्या मे अतिथि शिक्षक शालाओं से हटाऐ जा रहे है जबकि विधानसभा चुनाव से पहले किसी भी अतिथि शिक्षक को न हटाने का आश्वासन सभी नेताओं ने दिया था । इसके चलते सालो से रोजगार मे लगे अतिथि शिक्षक एकाएक बेरोजगार होकर सडक पर आ गये । अपनी इन्ही मांगो को लेकर अतिथि शिक्षक संगठन समिति के बैनर तले सैकडो अतिथि शिक्षको ने मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव के नाम विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं अनुविभागीय अधिकारी विजय राय को अपने ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञापन में कहा गया है कि समस्त मध्यप्रदेश के अतिथि शिक्षक पिछले कई वर्षो से अल्प मानदेय एवं अस्थाई रूप से मध्यप्रदेश के समस्त शासकीय विद्यालयों में अपनी सेवायें ईमानदारी से प्रदान कर रहे है। बडी संख्या मे अतिथि शिक्षक अपनी सेवायें देते देते उम्रदराज हो चुके है। लेकिन आज तक नियमितिकरण पर मध्यप्रदेश शासन ने ध्यान नहीं दिया है।अतिथि शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित के लिये शासन द्वारा पूर्व में कई घोषणायें की गई। किंतु उनका लाभ अतिथि शिक्षकों को आज तक प्राप्त नहीं हुआ है। और ना ही भविष्य सुरक्षित हुआ है। और न ही अतिथि शिक्षकों के संदर्भ में शासन द्वारा कोई नियमावली नहीं बनी है। जिसके कारण आऐ दिन अतिथि शिक्षकों को स्कूल से बाहर किया जा रहा है। बाहर किये गये अतिथि शिक्षकों का समायोजन किया जाये ताकि वे बेरोजगार न हो। इस अवसर पर कीर्ती राजपूत, भावेश राय, रूचि जैन, रेशमा रघुवंशी, सोनाली शर्मा, मोनिका लोधी, निधि लोधी, कंचन शर्मा, सोनाली सेन, कीर्ति, सीताराम रघुवंशी, शैलेन्द्र सिंह, भगवान सिंह, राशिद अली, रमेश कुशवाह, लक्ष्मी अहिरवार, मोनिका बंसल, अंकुर सेन, पवन शर्मा, अकाशा शर्मा, कपिल कात विश्वकर्मा, राकेश मीना, संध्या कुशवाह, दौलत सिंह सहित अनेक अतिथि शिक्षक उपस्थित हुए।


**OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM (M.P.)**

cmohoshangabad@mpurban.gov.in

NIT No./ 6989/E-Tendering/NPN/2022 Narmadapuram Date 30/0/2024

**//Notice Inviting Tenders//**

**(First Call)**

Online Item rate bide for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria-

| SL. No. | Tender no. | Name of work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD _328491_1 | Tender fo Repairing work of Motor Pumps at The Municipal Council Narmadapuram for year 2024. (Please furnish the rate with GST). | 990000/- | 9900/- | 2000/- | 365 Days |

The Bid Document can be Download only online from 26/01/2024 (10.30) to 10/02/2024 (17.30) for more information :- https://mptenders.gov.in

**Chief Municipal Officer**
**Municipal Council,**
**Narmadapuram**

## विशाखापट्टनम में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट का दूसरा दिन

# यशस्वी का दोहरा शतक, भारत 396 पर ऑलआउट, इंग्लैंड की सुरक्षित शुरूआत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

विशाखापट्टनम टेस्ट की पहली पारी में टीम इंडिया 396 रन ही बना सकी। यशस्वी जायसवाल ने दोहरा शतक लगाया। वह 209 रन बनाकर आउट हुए लेकिन टीम को 400 रन के पार नहीं पहुंचा सके। पहला सेशन खत्म होने तक इंग्लैंड ने पहली पारी में 32 रन बना लिए हैं। ओपनर्स बेन डकेट और जैक क्रॉले नॉटआउट लौटे। भारत से जसप्रीत बुमराह और मुकेश कुमार ने पहला स्पेल फेंका।भारत की पहली पारी में इंग्लैंड से जेम्स एंडरसन, शोएब बशीर और रेहान अहमद ने 3-3 विकेट लिए।

### इंग्लैंड ने गंवाया रिव्यू

इंग्लैंड ने 99वें ओवर में अपना पहला रिव्यू गंवाया। जेम्स एंडरसन ने ओवर की पहली ही बॉल गुड लेंथ पर यशस्वी जायसवाल को इन-स्विंगर फेंकी। यशस्वी डिफेंस करने गए लेकिन बॉल उनके पैड्स पर लगी। इंग्लैंड ने एलबीडब्ल्यू की अपील की लेकिन अंपायर ने नॉटआउट का फैसला सुनाया। इंग्लैंड ने रिव्यू लिया लेकिन रिप्ले में भी यशस्वी नॉटआउट ही नजर आए। अगली ही बॉल पर फिर एक बार एलबीडब्ल्यू की अपील हुई, अंपायर ने फिर नॉटआउट का फैसला सुना दिया। वहीं इंग्लैंड ने दूसरे दिन दूसरी नई गेंद ली। 80 ओवर के बाद बॉल अवेलेबल थी लेकिन इंग्लैंड ने 94 ओवर खत्म होने के बाद गेंद ली। जेम्स एंडरसन ने दूसरी नई बॉल से भी पहला ओवर फेंका। उन्होंने ओवर से 2 ही रन दिए।

### नहीं बने 400 रन

दूसरे दिन के पहले सेशन में 4 विकेट गिरे, चारों ही टीम इंडिया के रहे। भारत ने 19 ओवर बैटिंग कर पहली पारी के स्कोर में 60 रन जोड़े। टीम 396 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इंग्लैंड ने पहले सेशन में 6 ओवर बैटिंग कर 32 रन बना लिए। टीम ने कोई विकेट भी नहीं गंवाया। इस तरह पहले सेशन के 25 ओवर में कुल 92 रन बने टीम इंडिया ने 98वें ओवर में अपने 350 रन पूरे कर लिए। रविचंद्रन अश्विन ने शोएब बशीर के खिलाफ चौका लगाकर भारत को इस स्कोर तक पहुंचाया। उनके साथ यशस्वी जायसवाल ने दोहरा शतक जामकर 209 रन बनाकर आउट हो गए।



### टेस्ट मैच में रजत और शोएब का डेब्यू

पहले दिन भारत के लिए रजत पाटीदार ने डेब्यू किया। उन्हें दिग्गज लेफ्ट आर्म पेसर जहीर खान ने डेब्यू कैप सौंपी, वह भारत के लिए टेस्ट खेलने वाले 310वें खिलाड़ी बने। डेब्यू पारी में वह 27 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड से शोएब बशीर ने डेब्यू किया। इंग्लैंड से डेब्यू मैच में शोएब बशीर ने पहले दिन 2 विकेट लिए। 2 ही विकेट रेहान अहमद को भी मिले, जबकि एक-एक सफलता जेम्स एंडरसन और टॉम हार्टले के हाथ लगी। विशाखापट्टनम में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम को यशस्वी जायसवाल ने अच्छी शुरुआत भी दिलाई लेकिन कप्तान रोहित शर्मा के साथ बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके। सभी बैटर्स सेट होने के बाद अपना विकेट आसानी से देकर चले गए। रोहित 14, शुभमन गिल 34, श्रेयस अय्यर 27, रजत पाटीदार 32, अक्षर पटेल 27 और केएस भरत भी 17 ही रन बनाकर आउट हुए। भरत को छोड़कर सभी प्लेयर्स ने 40 से ज्यादा गेंदें खेल ली थीं। बता दें इंजरी के कारण वह दूसरा टेस्ट नहीं खेल सके, उनकी जगह कुलदीप यादव को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनका चौथा टेस्ट खेलना भी मुश्किल है।

## अफगानिस्तान और श्रीलंका टेस्ट का दूसरा दिन

# इधर, श्रीलंका ने तीन विकेट खोकर बनाए 172 रन



**कोलंबो, एजेंसी**

अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच कोलंबो में वन-ऑफ टेस्ट चल रहा है। टेस्ट के दूसरे दिन 12 बजे तक श्रीलंका का स्कोर तीन विकेट पर 172 रन रहा। बता दें टेस्ट के पहले दिन श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। पहले दिन अफगानिस्तान 198 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम से रहमत शाह ने 91 रन की पारी खेली। वहीं, श्रीलंका के विश्वा फर्नांडो ने 4 विकेट लिए। मैच में असिथा फर्नांडो ने दूसरी गेंद पर इब्राहिम जादरान आउट हो गए। उनके साथ रहमत शाह ओपनिंग करने आए थे। मैच के पहले ही ओवर में इब्राहिम के जल्दी आउट हो जाने के कारण, रहमत ने पारी को संभाला। उन्होंने नूर अली के साथ 57 रन की साझेदारी की। बाद में, उन्होंने कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के साथ 52 रन जोड़े, इससे पहले कि अफगानिस्तान ने दो विकेट जल्दी खो दिए। रहमत ने इकराम अलीखिल के साथ 45 रन जोड़कर टीम को मजबूत किया। रहमत ने 91 रनों की शानदार बल्लेबाजी की। हालांकि, उनकी बेहतरीन पारी का अंत प्रभात जयसूर्या ने उनका विकेट लेकर किया। नूर अली जादरान ने 31 रन बनाए। इकराम अलीखिल और कैस अहमद ने 20 से अधिक रन बनाए, लेकिन निचले स्त्र5म में टीम ने ज्यादा संघर्ष नहीं किया। श्रीलंका ने बॉलिंग में टीम एफर्ट दिखाया। विश्वा फर्नांडो ने 12 ओवर में 4 विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई। असिथा फर्नांडो ने भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 14.4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए। वहीं, स्पिनर जयसूर्या ने 25 ओवर गेंदबाजी की, वह 3 विकेट लेने में सफल रहे।



## मेट्रो बाजार

# 5 से ओपन होगा एपीजे का आईपीओ, 12 फरवरी को होगी शेयर की लिस्टिंग

**मुंबई, एजेंसी**

एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड का आईपीओ अगले हफ्ते 5 फरवरी से ओपन होगा। रिटेल निवेशक इसके लिए 7 फरवरी तक बोली लगा सकेंगे। इस आईपीओ का प्राइस बैंड 147-155 प्रति शेयर रखा गया है। इस इश्यू के जरिए कंपनी 920 करोड़ जुटाना चाहती है। इसमें से कंपनी 600 करोड़ के नए शेयर जारी करेगी बांकी 320 करोड़ के शेयर कंपनी के प्रमोटर्स बेचेंगे। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपना पुराना कर्ज चुकाने और कॉर्पोरेट पर्पस के लिए करेगी। कंपनी के शेयर 12 फरवरी को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। अगर आप भी इस आईपीओ में पैसा लगाने का प्लान बना रहे हैं तो हम आपको बता रहे हैं कि आप इसमें कितना निवेश कर सकते हैं।



इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 96 शेयर के लिए अप्लाई करना होगा। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 155 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,880 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 1,248 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 193,440 इन्वेस्ट करने होंगे। एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स ने इश्यू का 75 फीसदी हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व रखा है। इसके अलावा 10 फीसदी हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी 15 फीसदी हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व है। कंपनी अपने रिटेल ब्रांड फ्लुरीज के जरिए रिटेल फूड और बेवरेज के बिजनेस में भी है।

## इंडिगो का तीसरी तिमाही में मुनाफा 110 फीसदी बढ़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत में सबसे ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करने वाली एयरलाइन इंडिगो ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इंडिगो का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 110.7 फीसदी बढ़कर 2,998 करोड़ रहा। पिछले साल की समान तिमाही में इंडिगो ने 1,422.6 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। इस तिमाही में ऑपरेशंस से कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 30.26 फीसदी बढ़कर 19,452 करोड़ रुपए रहा। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में ये 14,933 करोड़ रहा था। कंपनी ने तीसरी तिमाही में टिकट बेचकर 17,157 करोड़ का रेवेन्यू जनरेट किया। पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले इसमें करीब 30.30 फीसदी की ग्रोथ हुई है। 5 साल में यह पहला मौका था जब एविएशन कंपनी को किसी भी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में मुनाफा हुआ था। आम तौर पर इस तिमाही को एविएशन इंडस्ट्री के लिए कमजोर मांग वाला सीजन माना जाता है।

## आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल

# भास्कर का सातवीं बार ट्रॉफी पर कब्जा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

दैनिक भास्कर ने 29वां आईईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट सातवीं बार जीत लिया। उसने ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर खेले गए फाइनल मुकाबले में राज एक्सप्रेस को 88 रनों से हराया। राज एक्सप्रेस के कप्तान मृगेंद्र सिंह ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग करने का फैसला किया।

दैनिक भास्कर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 242 रन बनाए। इसमें आनंद रजक ने 114 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में मात्र 57 गेंदों का सामना करते हुए नौ चौके और नौ छक्के जमाए। सलामी बल्लेबाज प्रभात शुक्ला ने 76 रनों की पारी खेली। रोहिताश्व मिश्रा ने अविजित 22 रन बनाए। मनोरंजन ने दो विकेट लिए। एक विकेट मृगेंद्र सिंह के खाते में गया। जवाब में राज एक्सप्रेस की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 154 रन बना सकी। जलील ने 53, प्रशांत 35 और धर्मेंद्र 26 रन बना सके। दैनिक भास्कर की ओर से कप्तान रामकृष्ण यदुवंशी ने हैट्रिक जमाई। उन्होंने 4 ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। रोहिताश्व, नरेंद्र राजपूत और गौरव को 1-1 विकेट मिले। पुरस्कार वितरण विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर, खेलमंत्री विश्वास सारंग, स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, डिजिआना ग्रुप के सीएमडी तेजिंदर सिंह गुम्मन, आईईएस यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति बीएस यादव, स्कोप ग्लोबल यूनिवर्सिटी के चांसलर सिद्धार्थ चतुर्वेदी, फेथ के डायरेक्टर राघवेंद्र सिंह तोमर ने किया। उपविजेता राज एक्सप्रेस को 50 हजार रुपए के साथ ट्रॉफी मिली, जबकि विजेता दैनिक भास्कर 1 लाख रुपए के साथ ट्रॉफी दी गई।



## भारत-ए की वापसी, लायंस को 199 पर समेटा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

इंडिया-ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ तीसरे अनऑफिशियल टेस्ट में जबर्दस्त वापसी की है। टीम ने इंग्लिश टीम को 199 रन पर ऑलआउट किया और शाम होते-होते अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 148 रन बना डाले। इससे मेजबान टीम 141 रनों की बढ़त पर आ गई है। चार दिनी मुकाबले के दूसरे दिन स्टंप्स तक भारतीय बैटर साई सुदर्शन 54 रन पर नाबाद रहे। जबकि दिन की आखिरी बॉल पर तिलक वर्मा ने 46 रन के स्कोर पर अपना विकेट गंवाया और हाफ सेंचुरी से चूक गए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की।

## अंडर-19 वर्ल्ड कप में पांचवीं जीत के साथ सेमीफाइनल में

**ब्लूमफोनटेन, एजेंसी**

कप्तान उदय सहारन और सचिन दास की शतकीय पारियों के दम पर भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में लगातार पांचवीं जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय टीम ने नेपाल को 132 रन से हराया। इस जीत के बाद भारत सुपर-6 ग्रुप-1 के पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। टीम के खाते में 4 मैचों में 4 जीत के साथ 8 अंक हैं। टीम ने ग्रुप स्टेज में अमेरिका को पांचवां मैच हराया था। नॉकआउट में भारत का मुकाबला मेजबान साउथ अफ्रीका से होगा।

साउथ अफ्रीका के ब्लूमफोनटेन में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 297 रन बनाए। जवाब में नेपाल की टीम 50 ओवर में 9 विकेट पर 165 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही। टीम ने 26 रन पर ओपनर आदर्श सिंह का विकेट गंवाया। 61 के स्कोर पर प्रियांशु मोलिया 19 व 62 रन के टीम स्कोर पर अर्शिन 18 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान उदय सहारन व सचिन दास ने टीम को संभाला और 200 तक पहुंचाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 215 रन की पार्टनरशिप की।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## • अरबाज से हुए ब्रेकअप पर की बातचीत

# जॉर्जिया बोली- पार्टनर को जाने देने का खालीपन हमेशा रहेगा

एक्टर अरबाज खान ने शूरा खान से शादी रचाई है. उससे पहले अरबाज जॉर्जिया एंड्रियानी को डेट कर रहे थे. जॉर्जिया ने हाल ही में अरबाज के साथ अपने ब्रेकअप के बारे में बातचीत की. साथ ही उन्होंने बताया कि सलमान खान ने उन्हें क्या सलाह दी थी. जॉर्जिया ने कहा- अरबाज बहुत अच्छे इंसान हैं. हां, हम अलग हो गए हैं और अपने पार्टनर को जाने देने का खालीपन हमेशा रहेगा. किसी को जाने देना आसान नहीं होता है क्योंकि आप किसी के साथ इनवॉल्व होते हैं लेकिन रिश्ते को खत्म करने के लिए किसी ना किसी को आगे बढ़ना होता है. मैं उनके अच्छे की कामना करती हूं. वहीं मैं अपनी जिंदगी के दूसरे चैप्टर की तरफ बढ़ गई हूं. जॉर्जिया ने बताया कि सलमान खान ने उन्हें सलाद दी थी. हालांकि उन्होंने वो फॉलो नहीं की. सलमान दिन में 4 बार वर्कआउट करते हैं लेकिन उनका फिटनेस रूटीन मुझसे अलग है. तो उन्होंने टिप्स शेयर नहीं किए लेकिन उन्होंने मुझे सुझाव दिया था कि मैं अपना हेयरस्टाइल बदल दूं लेकिन वो मैंने नहीं बदला क्योंकि मुझे वो पसंद है.

**अरबाज के लिए हमेशा रहेंगी फीलिंग्स:** जॉर्जिया ने कहा था कि मन में हमेशा अरबाज के लिए फीलिंग्स रहेंगी. हम बेस्टफ्रेंड्स थे और दिल में हमेशा उनके लिए फीलिंग्स रहेंगी. उनका मलाइका के साथ जो रिश्ता था वो कभी हमारे रिश्ते के बीच में नहीं आया. रिपोर्ट्स की माने तो कपल का बीते साल ब्रेकअप हो गया था. लेकिन दोनों ने ही इस पर चुप्पी साधी हुई थी। आर्टिस्ट शूरा के साथ 23 दिसंबर को शादी की है।



## • फिल्म 'फाइटर' में निभाया बशीर खान का किरदार

# अक्षय ओबेरॉय ने एक्टर बनने के लिए किया काफी संघर्ष, छोटे रोल्स भी किए



अक्षय ओबेरॉय को हाल ही में रिलीज फिल्म 'फाइटर' में देखा गया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया। सिद्धार्थ आनंद की इस मूवी में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी लीड रोल में थे। फिल्म को दर्शकों का मिला-जुला रिएक्शन मिला है। अक्षय ओबेरॉय ने एक्टर बनने के लिए काफी संघर्ष किया, उन्होंने छोटे रोल्स भी किए हैं। वो विदेश में रहते थे, लेकिन एक्टर बनने के लिए इंडिया वापस लौट आए थे। अमेरिका में पले-बड़े एक्टर अक्षय ओबेरॉय बचपन से ही कलाकार बनना चाहते थे। एक्टर बनने के लिए उन्होंने थिएटर किया, संघर्ष से गुजरे और कई छोटी-मोटी भूमिकाएं भी कीं, मगर हार नहीं मानी। इन दिनों वे खुश है कि उनकी ताजातरीन फिल्म फाइटर में उनकी भूमिका को तारीफ मिल रही है। उनसे एक बातचीत। एक्टर ने कहा सच कहूं, तो अभिनेता बनने के लिए मुझे रितिक रोशन ने प्रेरित किया। मैं बचपन से ही उन्हें आइडलाइज करता आया हूं। मैं उस वक्त 12-13 साल का था, तब मेरे मन में अभिनेता बनने की इच्छा ने जन्म लिया और जब मैं 15 साल का हुआ, उसी वक्त उनकी कहो ना प्यार है, रिलीज हुई। तब उन्हें देख कर मुझे अहसास हुआ कि यदि मुझे एक्टर बनना हुआ, तो कितनी कड़ी मेहनत करनी होगी। भाषा, अभिनय, डांस, एक्शन, लुक, फिजिक हर चीज पर काम करना होगा। उस वक्त से लेकर अब तक उनका मुझ पर इतना जबरदस्त प्रभाव रहा कि मैं क्या कहूं? मैं तो सालों से उन्हें अपनी प्रेरणा मानता आया हूं और जब मुझे उनके साथ फाइटर में काम करने का मौका मिला, तो मैं अभिभूत था। आज सालों बाद भी वे सेट पर उसी जोश और जुनून के साथ काम करते हैं। अगर मुझे ऐसा कोई फायदा मिला होता, तो सबको पता होता।



## • बुरे समय का डट कर किया सामना

# फिल्म में लुक और वेट की वजह से जरीन हुई ट्रोल, काम की कमी भी हो गई थी...

नॉन-फिल्मी बैकग्राउंड से ताल्लुक रखने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान का सफर आसान नहीं था। 12वीं में थीं, तब पिता उन्हें और पूरे परिवार को छोड़ कर चले गए। तंगी थी तो पढ़ाई छोड़ वो कॉल सेंटर में काम करने लगीं। कभी जरीन का वेट 100 किलो से ज्यादा था। इस वजह से भी उन्हें बहुत ताने सुनने पड़े। पहली ही फिल्म में सलमान खान के साथ काम किया, लेकिन असल स्ट्रगल इसी फिल्म के बाद शुरू हुआ। फिल्म में लुक और वेट की वजह से जरीन बहुत ट्रोल हुईं। काम की कमी भी हो गई। हालांकि, उन्होंने इस बुरे समय का डट कर सामना किया।

### एयर होस्टेस बनने की चाहत में वेट किया कम

'मैं जब कॉल सेंटर में काम कर रही थी, तब मुझे एयर होस्टेस की नौकरी के बारे में पता चला। 1-2 कजिन इस फील्ड में पहले से थे। सोचा कि अगर इस फील्ड में आ गई, तो पैसों की सारी परेशानी खत्म हो जाएगी। मां और बहन की लाइफ सेट हो जाएगी। हालांकि, तब मेरे पास वजन कम करना सबसे बड़ा टास्क था। मैं उस वक्त करीब 100 किलो की थी। इंटरव्यू राउंड पहुंचने तक, मैंने 3 महीने में लगभग 55 किलो वजन कम किया। खुद को फिट रखने के लिए मैंने 3 महीने खाने-पीने पर बहुत ध्यान दिया। पहले सिर्फ जंक फूड ही खाती थी। घर का खाना तो समझ में नहीं आता था। मगर एयर होस्टेस बनने की चाहत में 3 महीने जंक फूड को हाथ तक नहीं लगाया। सिर्फ घर का खाना खाया और वजन कम कर लिया।

**ऐसे मिली सलमान खान से :** एक दोस्त की मदद से सलमान से मिलना हुआ था। वो किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे, जब मैं उनसे मिलने गई थी। यह पल भी किसी सपने के पूरा होने जैसा ही था। मैं उनसे फैन के तौर पर ही मिलने गई थी, लेकिन उन्हें मुझमें क्या खास दिखा, ये तो आज तक नहीं पता। उसी दिन शाम को मेरा फोटोशूट हुआ और फिर सिलेक्ट हो गई। कई लोगों ने बताया था कि फिल्म की हीरोइन के लिए बहुत दिनों से ऑडिशन चल रहा था, लेकिन लुक के हिसाब से कोई फिट नहीं बैठ रही थी। इस खबर से घर में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। हर कोई खुश था कि पहली ही फिल्म में सलमान खान के साथ काम करने का मौका मिल रहा है।

*फैन के तौर पर सलमान से मिली, उन्होंने फिल्म का ऑफर दे दिया। मैंने हर एक ख्वाब देखा था, लेकिन उस लिस्ट में एक्टर बनने का जिक्र दूर-दूर नहीं था। ये सब कैसे हुआ, मैं खुद कभी-कभी सरप्राइज हो जाती हूं। सलमान खान की फिल्म वीर में पहली बार दिखी थी।*

भूमिपूजन



भोपाल। बागसेवनिया वार्ड 53 में मंत्री कृष्णा गौर की उपस्थिति में लगभग 27 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य के भूमिपूजन किए गए।

# माता-पिता व भाई को बंधक बनाकर मारपीट करने वाली महिला लखनऊ से गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हबीबगंज इलाके में प्रापर्टी पर कब्जा करने के इरादे से माता-पिता और भाई को बंधक बनाकर मारपीट करने के आरोप में फरार चल रही महिला को पुलिस ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले पुलिस की टीमें बेंगलुरू और चेन्नई भी जा चुकी थी, लेकिन महिला का पता नहीं चल पाया था। पिछले दिनों महिला की लोकेशन लखनऊ में मिलने के बाद पुलिस की टीम पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार पिछले साल जून 2023 में अरेरा कॉलोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर सीएस सक्सेना, उनकी पत्नी कनक सक्सेना और बेटे विक्की सक्सेना को उनकी ही बेटी निधि सक्सेना द्वारा बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया था। निधि ने एक करोड़ रुपए के लिए कई महीने तक तीनों कमरे में बंधक बनाकर रखा। पिता के दोस्त की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई कर बूढ़े माता-पिता मानसिक रूप से कमजोर बेटे को छुड़ाया था। इस घटना के बाद से आरोपी निधि, उसका बेटा व अल्ताफ नामक एक दोस्त फरार चल रहे थे।

### तीसरी बार में लखनऊ से पकड़ाई महिला

पुलिस ने बताया कि भोपाल से फरार होने के बाद निधि सक्सेना सीधे लखनऊ पहुंची, जहां उसके दोस्त ने उसे किराए का घर उपलब्ध कराया। निधि ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया था। उसके मोबाइल की लोकेशन चेन्नई मिलने पर पुलिस टीम चेन्नई पहुंची, लेकिन वहां निधि नहीं मिली। दूसरी बार मोबाइल की लोकेशन लखनऊ मिली, लेकिन इस बार भी पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। तीसरी बार उसका नंबर ठाकुरगंज लखनऊ में ऑन हुआ था। इस बार पुलिस की टीम ने लखनऊ पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। महिला का बेटा और दोस्त अभी फरार है।

# कोलार में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित इनायतपुर में पर रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया हे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार मूलत~सतना निवासी शुभम तिवारी (23) यहां इनायतपुर कोलार रोड पर अकेला रहता था और एक निजी कंपनी में काम करता था। गुरुवार को भाई से उसकी मोबाइल पर कहासुनी हुई थी। इसके बाद शुभम ने अपने एक दोस्त को मैसेज कर कहा कि वह जिंदगी से जा रहा है। इसके साथ ही एक रस्सी का फोटो भी भेजा था। शुभम पहले भी इस प्रकार की धमकी दे चुका था, इसलिए दोस्त ने उसके मैसेज को नजर अंदाज कर दिया। शुक्रवार को जब उससे किसी प्रकार का संपर्क नहीं हुआ तो दोस्त घर पहुंचा था। इस दौरान उसने शुभम को फांसी के फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अस्सी फीट रोड बागमुगलिया में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा। पुलिस के अनुसार हफीज मोहम्मद पिता रइश अहमद (45) अस्सी फीट रोड बागमुगलिया में रहते थे और प्राइवेट काम करते थे। कल शाम करीब साढ़े छह बजे उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए एम्स भेज दिया है। पुलिस का कहना है?कि घटनास्थल सील कर दिया गया है। आज पीएम के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा। इसके बाद घटनास्थल का निरीक्षण किया जाएगा।

### अशोका गार्डन में धुआं निकलने के बाद हादसा, दोनों पैर व एक हाथ में गंभीर चोट

# धुआं निकलने के बाद मोबाइल में हुआ ब्लास्ट, आठवीं कक्षा का छात्र झुलसा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**अशोका गार्डन इलाके शुक्रवार दोपहर एक मोबाइल में धुआं निकलने के बाद ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में आठवीं कक्षा का एक छात्र झुलस गया। उसके दोनों पैर एक हाथ में गंभीर चोट आई है।**



मोबाइल में ब्लास्ट होने से घर में भी आग लग गई थी, लेकिन छात्र ने बहादुरी का परिचय देते हुए तत्कला ही आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस दौरान कुछ कपड़े और पलंग आग की चपेट में आकर झुलस गई।

जानकारी के अनुसार दिलीप कुमार पाटिल पुराना अशोका गार्डन में रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। उनका 15 वर्षीय बेटा पुष्कर पाटिल आठवीं कक्षा में पढ़ता है। शुक्रवार दोपहर वह मोबाइल लेकर मकान की पहली मंजिल पर पढ़ाई कर रहा था। उसके बाद मोबाइल लेकर वह सीढ़यों से नीचे उतरने लगा। इस दौरान उसकी नजर पड़ी तो मोबाइल से धुआं निकलता दिखाई दिया। घबराहट में उसने मोबाइल हाथ से छोड़ा तो जमीन पर गिरते ही उसमें ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट होते ही पुष्कर के दोनों पैर और एक हाथ झुलस गया तथा आसपास पड़े कपड़ों में आग लग गई। पुष्कर ने हिम्मत दिखाते हुए तत्काल ही पानी डालकर आग बुझाई, लेकिन तब तक आग से वहां रखी पलंग और कुछ कपड़े चपेट में आग गए। शोर मचाने पर परिजन और आसपास के लोग भी पहुंच गए थे। बाद में पुष्कर को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसकी मरहम पट्टी कर दी। घटना के समय पुष्कर के पिता दिलीप कुमार घर पर नहीं थे। उन्होंने बताया कि बच्चे ने हिम्मत नहीं दिखाई होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।



मोबाइल जिसमें ब्लास्ट हुआ।

## तीन महीने से फरार चल रहा हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में तीन महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मोहम्मद समीर (19) जनता क्वार्टर ऐशबाग में रहता है। उसने बीती 14 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। समीर ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर में था, तभी शाहिल उर्फ सैयद शाहिल घर के अंदर घुस गया और बच्चे को धक्का देने की बात को लेकर विवाद करने लगा।

परिजनों ने जब इसका विरोध किया तो उसने भाई नवी हुसैन पर छुरी से हमला कर दिया। आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिसे अमन कालोनी निशातपुरा से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ निशातपुरा थाने में भी पहले से अपराध दर्ज हैं।

## गोविंदपुरा में घर के बाहर खड़ी साइकिल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा में एक घर के बाहर खड़ी सायकिल चोरी चली गई।



फाइल फोटो

चोरी गई सायकिल की कीमत आठ हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक प्रशांत गार्गव (42) प्रेस कालोनी आनंद नगर में रहते हैं और भेल कारखाने में ठेका कर्मचारी हैं। इसके साथ ही वह पार्ट टाइम में कार वाश करने का काम करते हैं। बीती 28 जनवरी की सुबह करीब पौने आठ बजे वह अपनी सायकिल से शक्ति नगर स्थित एक मकान पर कार वाश करने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने घर के सामने सायकिल खड़ी की और पानी लेने के लिए अंदर चले गए। वापस लौटे तो बाहर खड़ी उनकी सायकिल गायब हो चुकी थी।

## ऐशबाग में दिनदहाड़े ताला तोड़ 40 हजार के जेवरात चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग स्थित एक सूने मकान का चोरों ने दिनदहाड़े ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी में रखे करीब 40 हजार रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। वारदात के समय फरियादी अपने काम पर गए थे, जबकि उनकी पत्नी दूसरे घर पर थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक गली नंबर आठ, मदरसे के पास बाग उमरावदूल्हा निवासी अनस हसन डेंटिंग-पेंटिंग का काम करते हैं। गुरुवार सुबह उन्होंने अपनी पत्नी नगमा को गली नंबर चार में रहने वाली उनकी मां के घर पर छोड़ा और ताला लगाकर काम पर चले गए। शाम करीब छह बजे पत्नी घर पहुंची तो ताला टूटा मिला और अंदर अलमारी में रखा सोने का हार और चांदी की दो जोड़ी पायल गायब थी। सूचना मिलते ही घर पहुंचे अनस ने जेवरातों की तलाश की और नहीं मिलने पर थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। बदमाशों ने दरवाजे का ताला तोड़ने के बाद अलमारी में लगी चाबी से लाक खोलकर जेवरात चोरी कर लिए थे।

**मेट्रो एंकर** चुराए पैसों से खरीदा था स्कूटर व आईफोन

# महिला के घर से जेवरात चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, दो लाख का माल बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



पिपलानी इलाके में रहने वाली एक महिला के घर से जेवरात चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से चोरी किए गए जेवरात और चोरी के पैसों से खरीदा गया आईफोन तथा स्कूटर समेत करीब 2 लाख रुपये का सामान जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 50 वर्षीय महिला स्वयं की व्यवसाय करती है। उन्होंने पुलिस को बताया कि करीब तीन महीने पहले अपने जेवरात एक बटुए में रखकर सूटकेस में रख दिए थे। पिछले दिनों देखा तो जेवरातों वाला बटुआ गायब था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया था। चोरी गए जेवरातों की कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई गई थी। जांच के दौरान पता कि फरियादी की नाबालिग बेटी के दोस्त अनस खान का उसके घर आना-जाना है। पुलिस अनस के हाउसिंग बोर्ड कालोनी करोंद स्थित घर पहुंची तो ताला लगा मिला। गुरुवार को मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस टीम दोबारा घर पहुंची तो अनस मिल गया। थाने लाकर पूछताछ करने पर उसने अपने दोस्त शाहिद खान निवासी विश्वकर्मा नगर करोंद के साथ मिलकर जेवरात चोरी करना स्वीकार कर लिया।

### चोरी के रुपयों से खरीदा स्कूटर और आईफोन



पुलिस ने बताया कि जेवरात चोरी करने के बाद अनस ने चैन खुद पहन ली और बाकी के जेवरात दोस्त को उसके पिता की ज्वैलर्स दुकान पर बेचने के लिए दे दिए। इसके बदले दोस्त शाहिद ने उसे साठ हजार रुपये दिए थे। इन रुपयों से अनस ने एक स्कूटर और एक आईफोन खरीद लिया था। पुलिस ने जब शाहिद के घर की तलाशी ली तो महिला के घर से चोरी किए गए सारे जेवरात मिल गए, जिन्हें जब्त कर लिया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 2 लाख रुपये का माल बरामद किया गया है।

### एमबीए छात्र के बैग से मोबाइल फोन चोरी

गोविंदपुरा स्थित आईएसबीटी के पास एक एमबीए छात्रा के बैग से मोबाइल फोन चोरी हो गया। पुलिस के मुताबिक प्रियांशी अहिरवार (20) दानिश नगर में रहती हैं और निजी यूनिवर्सिटी से एमबीए प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही हैं। गुरुवार रात करीब आठ बजे वह अशोका गार्डन जा रही थी। आईएसबीटी के पास उन्होंने अपना बैग चैक किया तो अंदर रखा ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन गायब था। बाद में उन्होंने थाने जाकर मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए बताई गई है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022